मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 184
रविवार, 19 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## स्वामित्व योजना के तहत पीएम मोदी ने बांटे 65 लाख संपत्ति कार्ड

**नई दिल्ली, 18 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है। 5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी ताकि गांवों में रहने वालों का उनका कानूनी प्रमाण दिया जा सके। बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को ये स्वामित्व कार्ड मिले हैं।





मोदी ने कहा कि 21वीं सदी की दुनिया में क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य का संकट, महामारी.. ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने एक और बड़ी चुनौती रही है और ये चुनौती है- प्रॉपर्टी राइट्स की। उन्होंने कहा कि कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के अनेक-अनेक देशों में भू-संपत्ति को लेकर एक स्टडी की थी। इस स्टडी में सामने आया कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के कानूनी दस्तावेज है ही नहीं। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। इसलिए 2014 में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने प्रॉपर्टी के कागज की इस चुनौती से निपटने को ठानी और हमने स्वामित्व योजना शुरू की। हमने तय किया कि ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घरों की... जमीनों की मैपिंग कराई जाएगी... गांव के लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास कर रही है। स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहा है। मोदी ने कहा कि अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी। इससे आपदा की स्थिति में उचित क्लेम मिलना भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि स्वामित्व और भू-आधार... ये दो व्यवस्थाएं गांवों के विकास का आधार बनने वाली हैं। भू-आधार के जरिए जमीन को भी एक खास पहचान दी गई है। करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। बीते 7-8 साल में ही करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया गया है। महात्मा गांधी कहते थे- भारत गांवों में बसता है, भारत की आत्मा गांवों में हैं। पूज्य बापू के इस भाव को सही मायने में जमीन पर उतारने का काम बीते दशक में हुआ है।

## राजस्थान में महिला शिक्षा का गला घोंट रही भाजपा की सरकार : अशोक गहलोत



**जयपुर, 18 जनवरी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार महिला शिक्षा का गला घोंट रही है। गहलोत ने सरकार द्वारा बालिका विद्यालयों को बंद किए जाने संबंधी एक खबर साझा करते हुए एक्स पर कहा, कालीबाई भील की धरती राजस्थान में महिला शिक्षा का गला घोंट रही है भाजपा। कांग्रेस नेता ने कहा, अच्छी नामांकन संख्या वाले विद्यालयों को बंद करना भाजपा की महिला शिक्षा पर सर्जिकल स्ट्राइक है। इनका छिपा हुआ एजेंडा सामने आ रहा है, ये नहीं चाहते कि लड़कियां पढ़ें लिखें और आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बालिकाओं के स्कूल छोड़ने की दर को कम से कम करने के लिए कम नामांकन होने पर भी विद्यालयों को सक्रिय रखा ताकि एक भी बच्ची को पढ़ाई न छोड़नी पड़े। हमने नीति बनाई कि जिन विद्यालयों में 11वीं और 12वीं कक्षा में बालिकाओं का नामांकन 500 से अधिक होगा, वहां कॉलेज खोल दिया जाएगा। हमारा प्रयास था कि बालिकाओं को पढ़ाई के अधिक से अधिक मौके दिए जाएं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा की अदूरदर्शी नीतियां राजस्थान को पीछे धकेल रही हैं, जिसका खामियाजा उन बच्चियों को भुगतना पड़ रहा है जिनके शिक्षा के केन्द्रों पर ताला लगाया जा रहा है।

## केंद्र ने कर्नाटक में गरीबों के लिए अतिरिक्त 4.68 लाख मकान मंजूर किए : शिवराज सिंह चौहान



**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र ने कर्नाटक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त 4.68 लाख मकानों को मंजूरी दी है। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण विभाग का प्रभार संभाल रहे चौहान ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह केंद्र द्वारा मूल रूप से स्वीकृत 2.57 लाख मकानों के अलावा है। मंत्री ने कहा कि आज सुबह उनकी कर्नाटक के ग्रामीण विकास, राजस्व और कृषि मंत्रियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद राज्य के प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत सितम्बर में 2.57 लाख मकान स्वीकृत किये तथा इसके लिए अनुदान भी जारी किया। मंत्री ने कहा, अब हमने लक्ष्य बढ़ाने का फैसला किया है और कुल मिलाकर 4.68 लाख अतिरिक्त घरों को मंजूरी दी है। भाजपा के लिए गरीबों की सेवा करना भगवान की पूजा है। चौहान ने कर्नाटक सरकार से आवास परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि सीमा क्षेत्र विकास योजना के तहत कर्नाटक के लिए 97 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। जब उनसे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के केंद्र द्वारा धन के अन्यायपूर्ण और असमान वितरण के आरोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं कर्नाटक में धन लाया हूं। दो तरह की राजनीति होती है। एक है आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति और दूसरी है विकास और लोक कल्याण की राजनीति। भाजपा दूसरी तरह की राजनीति में विश्वास करती है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 में पहले या दूसरे स्थान पर होगा : एन.चंद्रबाबू नायडू



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के विकास के लिए डबल इंजन सरकार को आवश्यक बताते हुए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में देश 2047 तक दुनिया की नंबर एक या दो अर्थव्यवस्था बन सकता है। नायडू ने कडप्पा जिले के म्यदुकुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)द्वारा जीती गई कुल 25 लोकसभा सीटों में से 21 सीट संजीवनी की तरह हैं। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश आर्थिक रूप से वेंटिलेटर पर है और केंद्र सरकार द्वारा आपूर्ति की जा रही ऑक्सीजन पर जीवित है। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो नायडू ने कहा कि उनका दल एक करोड़ सदस्यों वाला एक क्षेत्रीय संगठन है, लेकिन इसने हमेशा राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ काम किया है। उन्होंने कहा, हमने 2014 से 2019 के बीच राजग के साथ काम किया है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक दुनिया में पहला या दूसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और मेरी महत्वाकांक्षा तेलुगु लोगों को वैश्विक स्तर पर नंबर एक स्थान पर देखना है। नायडू ने कहा कि विकास केवल राज्य और केंद्र दोनों स्तर पर डबल इंजन सरकारों के साथ ही सुनिश्चित किया जा सकता है, जिससे दोहरे अंकों की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पोलावरम सिंचाई परियोजना सहित कई परियोजनाओं के लिए मदद का हाथ बढ़ा रही है और उसने विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के लिए पैकेज की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम आपको आश्वस्त करते हैं कि पोलावरम सिंचाई परियोजना अगले दो वर्षों में पूरी हो जाएगी। केंद्र सरकार ने परियोजना के पहले चरण के लिए पहले ही 12,200 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए हैं। बांध का डायाफ्राम दीवार का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने नदियों को आपस में जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गोदावरी और कृष्णा नदियों को पहले ही आपस में जोड़ा जा चुका है तथा राज्य सरकार अब गोदावरी और पेन्ना नदियों को जोड़ने की योजना बना रही है। तेदेपा संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव को याद करते हुए नायडू ने कहा कि पूर्व नेता की कुछ पहल, जैसे स्थानीय निकाय चुनावों में महिलाओं और पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण राष्ट्र के लिए आदर्श बन गए हैं।

## मिशन 2025 पर फोकस, तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ाई



**पटना, 18 जनवरी।** बिहार की राजधानी पटना में राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव शामिल हुए। इनके अलावा बैठक में मीसा भारती और रोहिणी आचार्य भी मौजूद रहीं। खास बात यह है कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह इस बैठक में नहीं पहुंचे। राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पर मनोज झा ने कहा कि आज हमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में दल के तमाम नेता मौजूद थे। सांगठनिक प्रस्ताव पर चर्चा हुई, राजनीतिक प्रस्ताव जो आज के देश की हकीकत है उस प्रस्ताव पर चर्चा हुई और संगठन को कैसे धारदार बनाया जाए इस पर चर्चा हुई। झा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने कहा कि अब बिगुल बज चुका है। जितनी महत्वपूर्ण चीजें हैं सब पर चर्चा हुई है। पूरी कार्यकारिणी एक जज्बे से लबरेज होकर गई है। हर व्यक्ति इस संदेश के साथ गया है बिहार में महज सत्ता परिवर्तन नहीं होगा सरोकार परिवर्तन होगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार को अव्वल राज्यों में लेकर जाना है। बिहार के लोगों की तरक्की के लिए हमारे पास विजन और पूरा ब्लूप्रिंट है। सभी वर्गों का ख्याल रखा जाएगा। हमने जो काम 17 महीनों में किया वो 18 सालों में नहीं हो पाया। मीसा भारती ने राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पर कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जो फैसले लिए गए हैं वो बहुत महत्वपूर्ण रहे। चुनाव को मद्देनजर रखते हुए ये सारे फैसले लिए गए हैं। जो हमारे दल के मुख्य चेहरे तेजस्वी यादव हैं, उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान पर उन्होंने कहा कि वे(नीतीश कुमार) एक बड़े नेता हैं, अनुभवी हैं और लंबे समय तक मुख्यमंत्री भी रहे हैं... और अगर वे इस तरह के बयान दे रहे हैं तो इस पर क्या कहा जा सकता है? उन पर केवल दया आती है।

## ग्यालशिंग में गाड़ी के खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत

**सिक्किम, 18 जनवरी।** पश्चिम सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में ताशीडिंग-युकसोम रोड पर लांग खोला के पास एक दुखद दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। पीड़ित एक शादी में शामिल होने जा रहे थे, तभी उनकी कार सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। मृतकों की पहचान अभिषेक दहल, अभि किशोर दहल, चंद्र बहादुर मंगर, कर्ण बहादुर गुरुंग और जीवन कार्की के रूप में हुई है, जो युकसोम-ताशीडिंग निर्वाचन क्षेत्र के अपर अरिथांग के निवासी थे।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब एक टायर सड़क से फिसलने के बाद वाहन ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद कार पहाड़ी रास्ते से पलट गई और करीब 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। बचाव अभियान के बावजूद, दुर्घटना में पांचों यात्रियों में से कोई भी जीवित नहीं बचा।

निवासियों ने तुरंत अधिकारियों को सूचित किया और पुलिस अधिकारी शुक्रवार सुबह बचाव कार्य शुरू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। बरामद वाहन पर सिक्किम का रजिस्ट्रेशन नंबर लगा था और वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दुर्घटना के समय कार गेयथांग से ऊपरी चोंगरांग की ओर जा रही थी। सिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, ₹युकसोम-ताशीडिंग निर्वाचन क्षेत्र में गेरेथांग के लैंग खोला के पास हुए दुखद हादसे से बहुत दुखी हूं, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। यह इस क्षेत्र में पहली घातक सड़क दुर्घटना नहीं है। पिछले महीने, कोलकाता की एक मां और उसकी दो साल की बेटी की पाकयोंग जिले में इसी तरह की घटना में मौत हो गई थी। सिक्किम के पहाड़ी इलाकों में सड़क सुरक्षा संबंधी चिंताएं स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण जोखिम बनी हुई हैं। अधिकारियों को अभी तक नवीनतम दुर्घटना का सटीक कारण पता नहीं चल पाया है, तथा इस बात की जांच जारी है कि क्या अत्यधिक गति या अन्य कारकों ने इस त्रासदी में योगदान दिया।









# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



-ललित गर्ग

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्त्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खैर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्त्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्त्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्त्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्त्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।

युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है।

हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्त्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्त्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्त्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्त्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है। अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्त्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्त्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्त्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्त्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्त्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है। युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते हुए दोनों ही देशों को दिशा-दर्शन देते रहे हैं। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन में भी युद्ध-विराम की अपेक्षा है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। जब तक रूस के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

# गाजा में नरसंहार, क्या अब समाप्त होने के संकेत दे रहा है?



अशोक भाटिया

गाजा में नरसंहार, जो लगभग 466 दिनों से लगातार चल रहा है, समाप्त होने के संकेत दे रहा है। इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से लंबित युद्धविराम एक निश्चित ट्रैक पर प्रतीत होता है। यह अगले रविवार से प्रभावी होने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे अभी तक इजरायल की कैबिनेट द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। प्रधान मंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू के मंत्रिमंडल के अल्ट्रा-हार्ड्स अभी तक इस तरह के युद्धविराम के लिए सहमत होने के लिए तैयार नहीं हैं। यही है, इस्लामी और यहूदी लोगों के बीच संघर्ष। नुकसान अधिक था। जैसे, यह हमास की वजह से गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ हुआ। लगभग 46,000 आंसू गैसोलीन ने अपनी जान गंवा दी, लंबे समय तक चलने वाली भौतिक क्षति, और लाखों लोगों की जान सचमुच उजागर हो गई, संघर्ष विराम हमास और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों द्वारा संघर्ष में नागरिकों को खोने के बाद आया, जबकि इजरायल ने इतने बड़े पैमाने पर नरसंहार में लगभग पूरे गाजा को नष्ट कर दिया था। फिलिस्तीनी घरों और अस्पतालों पर गधों को जोतने के बावजूद, दुनिया की शीर्ष रैंक वाली सैन्य शक्ति अपने 100 बच्चों को बचाने में सक्षम नहीं है। अंत में, मुर्दाद हमास की तरह मस्तवाल इजराइल ने संघर्ष विराम के महत्व को समझा। गाजा पट्टी में, नागरिक अब राहत की सांस लेंगे और अपने टूटे हुए जीवन का पुनर्निर्माण शुरू करेंगे।

इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के अस्थायी अंत के बारे में अतीत में घोषणाएं हुई हैं, लेकिन विनाश और युद्धोन्माद बंद नहीं हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प सहित कई लोगों ने नवीनतम ब्रेक के बारे में हार्दिक घोषणाएं की हैं, जिसे 24 घंटे बाद भी इजरायल कैबिनेट द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। अस्थायी युद्धविराम के लिए बातचीत ने शुरूआती छह महीनों के बाद ही गति पकड़ी थी। और इजरायल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने भी अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा का मुद्दा उठाया। 7 अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में अकारण और क्रूर हमले किए, जिसमें लगभग 1,200 इजराइली नागरिक और सैनिक मारे गए और लगभग 250 नागरिकों का अपहरण और हिरासत में लिया गया। वास्तव में, उस समय नेतन्याहू की राजनीतिक स्थिति अस्थिर थी। अल्पमत सरकार में विरल होने के बावजूद धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की आवाज बुलंद थी। इसके अलावा, इस तरह के एक हमले, और इजरायली खुफिया या सेना से इनपुट की कमी, नेतन्याहू सरकार के लिए एक नाक-खरोंच थी। ऐसी स्थिति में, इजराइल ने शर्म की रक्षा में सामान्य सैन्य राष्ट्रवाद का रास्ता अपनाया। यह उस समय अस्थिर नेतन्याहू के लिए राजनीतिक रूप से सुविधाजनक था। इसलिए जब आसपास के अरब देश शांति वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे, तब इजरायल जुझारू और विस्तारवादी बना रहा। फिर भी, इस बार नेतन्याहू का ₹आत्मरक्षा₹ दृष्टिकोण बेहद हिंसक और घृणित निकला। इजरायल के हमलों में 46,000 से अधिक गाजा वासियों ने अपनी जान गंवाई है, जिससे 1,200 स्वदेशी नागरिकों के जीवन की कीमत चुकानी पड़ी है। लगभग समान रूप से विस्थापित। अब इस युद्धविराम के बारे में बताया जाता है अब यह 42 दिन पुराना है और रविवार को प्रभावी होने की उम्मीद है, कई मुद्दों पर एक समझौते पर पहुंचने का दावा करते हुए: इजरायली सेना गाजा में आबादी वाली बस्तियों से पूर्वी सीमा तक जाएगी, जो इन बस्तियों से विस्थापित फिलिस्तीनियों को वापस लौटने में सक्षम बनाएगी। दूसरा प्रमुख मुद्दा इजरायली ओलिस है। गाजा में हमास नियंत्रण से ओलिस की चरणबद्ध रिहाई की उम्मीद है। लेकिन इजरायल खुद कहता है कि उनमें से 35 मारे गए हैं। मृतकों के शवों को भी भेजा जाएगा। जीवित ओलिसा के बदले में इजरायल की हिरासत से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर बातचीत चल रही है। उन्हें कितने होने चाहिए, इस पर बातचीत चल रही है। निर्धारित 42 दिनों के भीतर, भविष्य के युद्धविराम और संभावित पूर्ण युद्धविराम पर बातचीत की उम्मीद है। कतर और मिस्र वार्ता में सक्रिय रूप से शामिल थे। राजनयिकों और आने वाले डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इजरायली सेना अभी भी हमास के एक तिहाई क्षेत्र में तैनात है। हमास जोर देकर कहता है कि उन्हें वहां से हटाया जाए। लेकिन इजरायल सरकार 'कुल जीत' के लक्ष्य से पीछे नहीं हटी है, इसलिए यह संभावना नहीं है कि ये ताकतें तुरंत पीछे हट जाएंगी। हालांकि वर्तमान में युद्धविराम के बारे में एक सकारात्मक तस्वीर चित्रित की जा रही है, दोनों पक्षों के अविचारकों की संख्या और उनके प्रभाव को देखते हुए, आशावाद कि अगला चक्र व्यावहारिक ज्ञान के एक ही सूत्र को चालू करेगा, मुख्य रूप से इजरायल सरकार और हमास के बीच आम सहमति की कमी के कारण धराशायी होने की अधिक संभावना है।

वार्ता में शामिल हमास के प्रमुख नेता गाजा के बाहर से हैं। मोहम्मद शिनवार का नेतृत्व मोहम्मद शिनवार कर रहे हैं। याह्या शिनवार का छोटा भाई, हमास के 7 अक्टूबर के हमलों का मास्टरमाइंड। संकट का महत्व अद्वितीय है क्योंकि इजरायली ओलिस उसकी हिरासत में हैं। उनकी रिहाई के बारे में अपने शब्दों के साथ उनका जुनून अंतिम होना चाहिए। दूसरी ओर, इजरायल कैबिनेट और इजरायल कैबिनेट। जो लोग चाहते हैं कि इजरायल तब तक अपने हथियार न डाले जब तक कि हमास पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता, और संघर्ष विराम की संभावना से इनकार नहीं किया जाना चाहिए: नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव के अधिकांश नियम और प्रावधान पिछले साल मई में पेश किए गए बिडेन प्रशासन के प्रस्ताव की शर्तों के समान हैं।यही उनकी महानता है। ट्रम्प से भी इसकी उम्मीद नहीं की जाती है। सज्जन का कहना है कि वह नवंबर में चुने गए थे गाजा में संघर्ष विराम की शुरूआत थी। वास्तव में, नरसंहार के लिए दोष ट्रम्प को भी जाता है। ट्रम्प के पहले राष्ट्रपति पद के दौरान इजरायल-फिलिस्तीनी नीति के नाम पर किए गए निर्णय पूरी तरह से नेतन्याहू की ओर झुके हुए थे और फिलिस्तीनियों के लिए अपमानजनक थे, और यरूशलेम में राजधानी या गोलान हाइट्स या वेस्ट बैंक में अवैध बस्तियों के लिए इजरायल के दावे के लिए। ट्रंप अधिकार देने का पाप भी करते हैं। इसने न केवल इजरायल विरोधी झगड़े को कायम रखा, बल्कि एक भड़क भी गया, और इसका जवाब ढूंढना मुश्किल नहीं है कि क्या इससे स्थायी शांति या अनन्त विनाश होगा क्योंकि ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के फिर से राष्ट्रपति चुने जाने और इजरायल-फिलिस्तीन के भाग्य-टेलर बनना चाहते हैं।

नेतन्याहू हमास, हिजबुल्लाह आदि जैसे आतंकवादी संगठनों के नेताओं के पूरे रैंकों को काटने के लिए खुद को पीठ थपथपा सकते हैं, लेकिन केवल दो-राज्य सिद्धांत के राजनीतिक समाधान और फिलिस्तीन को संप्रभुता की बहाली के माध्यम से इजरायल और फिलिस्तीनियों दोनों के बीच स्थायी शांति हो सकती है, लेकिन तब तक, यह फिलिस्तीनी लोगों के लिए आश्वस्त होगा यदि दोनों पक्ष अपनी मर्दानगी की सीमाओं का एहसास करते हैं।..हालांकि, केवल दो-राज्य सिद्धांत का एक राजनीतिक समाधान और फिलिस्तीन को संप्रभुता की बहाली इजरायल और फिलिस्तीनी समुदाय दोनों के बीच स्थायी शांति का कारण बन सकती है।

बताया जाता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद भी इस मामले में काफी रुचि ले रहे हैं। वे इजरायल-हमास से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध तक की समाप्ति चाहते हैं। ट्रंप का चुनावी मुद्दा भी लंबे और विनाशक युद्ध की समाप्ति था। उन्हें इस मुद्दे पर कामयाबी भी मिली। युद्ध को लेकर उनकी नीतियां जो बाइडेन से भिन्न हैं। जो बाइडेन ने खुलकर नेतन्याहू और जेलेंस्की का समर्थन किया था जबकि ट्रंप इस मुद्दे पर जरूरत भर का ही समर्थन जारी रखना चाहते हैं और नरसंहार के साथ साथ युद्ध में होने वाले भारी भरकम खर्च को कम करना चाहते हैं। खर्च में कटौती भी शांति वार्ता का अहम आधार है। डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच युद्ध विराम को लेकर अपनी जीत मनाने के लिए तैयार हैं। हालांकि इस भयानक युद्ध को समाप्त करना, साथ ही क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करना बहुत आसान नहीं माना जा रहा, बड़ी चुनौतियां बाकी हैं। लेकिन जानकारों की राय में ट्रंप आज जिस स्थिति में हैं, वो जिस मजबूती के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं और अमेरिका के विस्तार के साथ-साथ दुनिया में अमन लाने की भी कोशिश कर रहे हैं, उसे देखते हुए सफलता से इनकार भी नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ इजराइल अब तक अपने मिशन में काफी आगे निकल चुका है। सीरिया में सत्ता बदल चुकी है, हमास और हिजबुल्लाह को कमजोर करने के साथ-साथ ईरान पर भी दवाब बना लिया है।

अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के तौर पर कुर्सी संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप कई महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को एक साथ डील करना चाहते हैं। उनका मिशन बहुआयामी हैं। वो ग्रीनलैंड खरीदना चाहते हैं, कनाडा को भी अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं। उनकी मजबूत स्थिति को देखते हुए माना ये जा रहा है कि ट्रंप के दबाव के बिना युद्धग्रस्त देशों के बीच शांति आगे नहीं बढ़ सकती। ट्रंप उस रणनीति पर भी काम कर रहे हैं जिससे ईरान की परमाणु क्षमता को इस हद तक कम कर दें कि उसके लिए हथियार बनाना आगे संभव ही न हो।

# ज्ञान और श्रम से निर्मित होता राष्ट्र का भविष्य



संजीव ठाकुर

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ₹आशाओं पर आकाश टिका हुआ है₹ और निसंदेह आशा, उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

# ज्वलंत प्रश्नः युवा जोड़ों की निजता की समस्या



-डॉ. सत्यवान सौरभ

हाल ही में, ऑयो ने घोषणा की कि अविवाहित जोड़ों को उसके साझेदार होटलों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। पायल कपाड़िया की पुरस्कार विजेता फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट एक युवा जोड़े, अनु और शियाज की यात्रा को दर्शाती है, जो निजी स्थान पाने के लिए संघर्ष करते हैं। जबकि पात्र काल्पनिक हैं, उनकी समस्या भारत भर में विवाह-पूर्व सम्बंधों में कई युवाओं द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविकता है, जहाँ गोपनीयता एक दुर्लभ वस्तु है। हाल ही में एक लोकप्रिय होटल एग्रीगेटर ऑयो द्वारा लागू की गई नीतियों के कारण गोपनीयता के लिए संघर्ष और भी बदतर होने की उम्मीद है। भारत में युवा जोड़ों के लिए गोपनीयता का मुद्दा सामाजिक मानदंडों और कानूनी अधिकारों के बीच एक गहरे संघर्ष को उजागर करता है। ऑयो ने घोषणा की कि अविवाहित जोड़ों को अब उसके साझेदार होटलों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। होटलों को स्थानीय संवेदनशीलता के आधार पर इस नियम को लागू करने की स्वतंत्रता दी गई है।

सभी जोड़ों को चेक-इन के समय ₹सम्बंध का वैध प्रमाण₹ प्रस्तुत करना होगा, जो कि स्थानांतरण का तत्काल कारण है। ऑयो ने बताया कि यह निर्णय नागरिक समाज समूहों और नागरिकों के अनुरोधों के कारण लिया गया, जिन्होंने कंपनी से ऐसी नीति अपनाने का आग्रह किया। शुरूआत में, यह नीति केवल उत्तर प्रदेश के मेरठ के होटलों पर लागू होगी, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि ऑयो अपने आवेदन को अन्य शहरों में भी लागू कर सकती है। यह वैवाहिक स्थिति के आधार पर भेदभाव है। 'सम्बंध का वैध प्रमाण' प्रदान करने की व्यावहारिकताओं से परे, यह स्पष्ट है कि ऑयो पार्टनर होटलों को उनके वैवाहिक स्थिति के आधार पर ग्राहकों के साथ भेदभाव करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। हालाँकि, ज्वलंत प्रश्न यह है कि क्या इस नीति से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने वाले लोग संविधान में या अन्यथा कानूनी उपाय पा सकते हैं।

गोपनीयता और सम्बंधों पर कानूनी दृष्टिकोण विवाह-पूर्व सम्बंधों की मान्यता है। विभिन्न निर्णयों में, सर्वोच्च न्यायालय ने विवाह-पूर्व सम्बंधों में प्रवेश करने के व्यक्तियों के अधिकार को मान्यता दी है। शफीन जहान बनाम अशोकन के.एम. (2020) में, न्यायालय ने पुष्टि की कि संविधान के अनुच्छेद 21 में व्यक्तियों को अपने साथी चुनने का अधिकार शामिल है, ' चाहे विवाह के भीतर या बाहर। नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ (2018) मामले ने सभी व्यक्तियों के शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक और यौन साहचर्य के अधिकार को मान्यता दी। सुप्रीम कोर्ट के अन्य फैसलों ने जोर देकर कहा है कि अनुच्छेद 21 से प्राप्त गोपनीयता, सम्मान और स्वायत्तता के अधिकार लोगों को सहमति से, अंतरंग या यौन सम्बंधों में संलग्न होने, अपने साथी के साथ सहवास करने की स्वतंत्रता देते हैं यदि वे चुनते हैं। कई अविवाहित जोड़ों के लिए, होटल सेवाओं का उपयोग करना इन अधिकारों का प्रयोग करने का एक तरीका है। विवाह पूर्व सम्बंधों में रहने वाले व्यक्तियों को छोड़कर, विभिन्न लिंगों के व्यक्ति जो दोस्त, सहकर्मी या चचेरे भाई हैं, वे भी एक साथ यात्रा कर सकते हैं और उन्हें ऑयो की सेवाओं की आवश्यकता हो सकती है।

**विवाह पूर्व सम्बंधों में रहने वाले व्यक्तियों को छोड़कर, विभिन्न लिंगों के व्यक्ति जो दोस्त, सहकर्मी या चचेरे भाई हैं, वे भी एक साथ यात्रा कर सकते हैं और उन्हें ऑयो की सेवाओं की आवश्यकता हो सकती है। भारत में युवा जोड़ों के लिए गोपनीयता का मुद्दा सामाजिक मानदंडों और कानूनी अधिकारों के बीच एक गहरे संघर्ष को उजागर करता है। ऑयो ने घोषणा की कि अविवाहित जोड़ों को अब उसके साझेदार होटलों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। होटलों को स्थानीय संवेदनशीलता के आधार पर इस नियम को लागू करने की स्वतंत्रता दी गई है। यह निर्णय नागरिक समाज समूहों और नागरिकों के अनुरोधों के कारण लिया गया, जिन्होंने कंपनी से ऐसी नीति अपनाने का आग्रह किया।**

मौलिक अधिकारों की प्रवर्तनीयता संवैधानिक योजना के तहत, संविधान के भाग क्क्क में निहित मौलिक अधिकार मुख्य रूप से राज्य और उसके साधनों के खिलाफ लागू करने योग्य हैं, न कि गैर-राज्य अभिनेताओं के खिलाफ। जब राज्य उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है तो नागरिक अदालतों से संवैधानिक उपचार मांग सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उन मामलों तक विस्तारित नहीं होते हैं जहाँ कोई निजी पक्ष उनके प्रयोग में बाधा डालता है। संवैधानिक अधिकारों को आम तौर पर ऊर्ध्वाधर तरीके से (यानी, राज्य के खिलाफ) लागू माना जाता है, न कि ₹क्षैतिज₹ तरीके से (यानी, निजी व्यक्तियों या संस्थाओं के बीच) । संविधान में तीन स्पष्ट प्रावधान शामिल हैं जो अधिकारों के पारंपरिक ₹ऊर्ध्वाधर₹ मॉडल से अलग हैं: अनुच्छेद 15 (2) : सार्वजनिक स्थानों और सेवाओं तक पहुँचने में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को रोकता है। अनुच्छेद 17: अस्पृश्यता पर रोक लगाता है। अनुच्छेद 23: मानव तस्करी और जबरन श्रम पर रोक लगाता है। कौशल किशोर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2023) में, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अनुच्छेद 21 के तहत अधिकार निजी पक्षों के खिलाफ भी लागू किया जा सकता है, जिससे क्षैतिज अधिकारों का दायरा बढ़ जाता है। जबकि अनुच्छेद 15 (2) धर्म, जाति और अन्य सूचीबद्ध आधारों पर भेदभाव को रोकता है, यह स्पष्ट रूप से वैवाहिक स्थिति को कवर नहीं करता है, जिससे ऑयो की नीति जैसे मामलों में इसकी प्रयोज्यता में अस्पष्टता बनी रहती है। निजी संस्थाओं के खिलाफ अनुच्छेद 21 को लागू करने के लिए कौशल किशोर निर्णय के निहितार्थ अस्पष्ट हैं। सुसंगत न्यायशास्त्र की कमी से यह अनिश्चित हो जाता है कि क्या अविवाहित व्यक्ति ऐसे मामलों में अनुच्छेद 21 के तहत अधिकारों का दावा कर सकते हैं।

वर्तमान कानून सीमित सुरक्षा प्रदान करते हैं, जैसे कि वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना महिलाओं को दिए जाने वाले अधिकार। हालाँकि, एक व्यापक भेदभाव-विरोधी कानून की आवश्यकता है: वैवाहिक स्थिति, लिंग, जाति, यौन अभिविन्यास या अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव से व्यक्तियों की रक्षा करना। निजी लेनदेन पर लागू करें, जिसमें आवास, रोजगार और वाणिज्यिक सेवाएँ शामिल हैं। संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने की क्षमता निजी अभिनेताओं की सक्षम परिस्थितियों को बनाने की इच्छा पर निर्भर करती है। वैवाहिक स्थिति, धर्म या लिंग पहचान जैसी विशेषताओं पर भेदभाव न केवल होटल सेवाओं तक पहुँच को प्रभावित करता है, बल्कि आवास, रोजगार और संपत्ति के स्वामित्व को भी प्रभावित करता है। इसे सम्बोधित करने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में समानता सुनिश्चित करने के लिए विधायी और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है। सामाजिक मानदंड अक्सर बहुमत द्वारा निर्धारित किए जाते हैं और उन्हें प्राथमिकता देने से अल्पसंख्यक समुदायों के मूल्यों को कम करते हुए बहुमत के मूल्यों को बढ़ाने का जोखिम होता है। सहिष्णुता की आवश्यकता महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि सामाजिक मानदंड कठोर हो सकते हैं। समाज को अधिक सहिष्णुता को अपनाना चाहिए और कानूनी अस्पष्टताओं को स्पष्ट किया जाना चाहिए।

बहुमत का अत्याचार अक्सर निजी क्षेत्र में उतना स्पष्ट नहीं होता है। किसी कार्य को सामाजिक स्वीकृति नहीं मिल सकती है, लेकिन संविधान हमें इसे करने का अधिकार देता है। कानून को-चाहे वह किसी भी रूप में हो-इस अधिकार की रक्षा करनी चाहिए।

## केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन व अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



**पालघर(उत्तरशक्ति)**। केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन व अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर बोईसर की तरफ से शुक्रवार 17 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे शाम 6 बजे तक पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के सभागार में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वेलनेस कोच व हेल्थ एडवाइजर डॉ.योगेश बनकर तथा उनकी टीम की उपस्थिति में किया गया। वेलनेस कोच व हेल्थ एडवाइजर डॉ.योगेश बनकर, अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर बोईसर के संचालक वसंत बोरूडे व सहयोगी नारायण आमरे की विशेष उपस्थिति में करीब 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेदिक पद्धति से किया गया तथा सभी मरीजों का ईलाज भी आयुर्वेद पद्धति के द्वारा किया गया। शिविर में शामिल लोगों की मधुमेह, पथरी, संधिवात,थायराइड, अस्थमा, बालों के झड़ना, बवासीर, एसिडिटी, मासिक धर्म, महिला विकार, त्वचारोग आदि बीमारियों की जांच कर संबधित रोगियों को ईलाज हेतु मुफ्त सलाह के अलावा आयुर्वेदिक दवाएं भी दी गई। इस शिविर को सफल बनाने में स्वास्थ्य जांच शिविर के मुख्य आयोजक काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष, शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसीराम केवट, केशव यादव, धर्मेंद्र शाह, पप्पू सिंह, गणेश सिंह राणा, सूर्यनारायण चौधरी, राजीव रंजन सिंह, राजू सिंह, सोनू जहांगीर, राम सिंह, आनंद परंडवाल, सुनील लांडे, शिवाजी कदम, आईसी यादव, बजरंग राय, संतोष साहनी, अनिल पटेल, गौरी विश्वकर्मा, अनिल सिंह, राकेश कुमार राय आदि का विशेष योगदान रहा।

## किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में 'नई EV6' पेश की

**मुंबई**। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई EV6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है।

नई किआ EV6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के ADAS 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ EV6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं: इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट: टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी एश्9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है। इस वाहन ने प्रतिष्ठित WCOTY 2024 (वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर) का खिताब जीतने के साथ ही अपनी जगह और मजबूत कर ली है। EV9 में 99.8 kWh की बैटरी लगाई गई है, जो एक बार चार्ज करने पर 561 किमी तक की रेंज देती है। यह इसे शहर के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्राओं के लिए भी उपयुक्त बनाती है। इसकी सुविधा बैटरी को केवल 24 मिनट में 10% से 80% तक चार्ज कर देती है, जब इसे 350kW DC चार्जर से जोड़ा जाता है। किआ इंडिया ने ग्लोबल टेक्नोलॉजी, शानदार डिजाइन और टिकाऊ इंजीनियरिंग को अपने उत्पादों के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ा है। हाल ही में लॉन्च की गई किआ सिरोस इसका एक और उदाहरण है। भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 के पैवेलियन में किआ इंडिया ने इमर्सिव डिस्प्ले के जरिए ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के भविष्य और टिकाऊ परिवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यह किआ इंडिया की नवाचार और एक बेहतर ट्रांसपोर्ट इकोसिस्टम बनाने की सोच का समर्थन करता है।

## पालघर जिले के 272 विद्यालयों में 5072 विद्यार्थियों को मिलेगा नि:शुल्क प्रवेश

**पालघर(उत्तरशक्ति)**। आर्थिक रूप से पिछड़े और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा की धारा में लाने के लिए आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत मुफ्त प्रवेश दिया जा रहा है। इस वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र के लिए जिले के 272 विद्यालयों ने पंजीयन कराया है। उन सभी पंजीकृत विद्यालयों में 5072 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा। इसके लिए 14 जनवरी से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है और बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 25 फीसदी सीटें आरक्षित हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2025 निर्धारित है। प्राइमरी और नर्सरी के लिए 'आरटीई' के तहत प्रवेश दिया जाता है। इसमें पहले 272 विद्यालयों में कुल 5072 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। दहानु में 63 और जव्हार में 7 समेत कुल 70 छात्रों को प्री-प्राइमरी यानी नर्सरी में मुफ्त प्रवेश दिया जायेगा। इन दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। अब अभिभावकों को अपने बच्चे का ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए 14 जनवरी से 27 जनवरी तक की समय सीमा दी गई है। माता-पिता को इस समय सीमा के भीतर अपने बच्चे के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद वहीं से लॉटरी निकाली जायेगी। इसके बाद छात्रों का एडमिशन शुरू हो जायेगा। इसके लिए तहसील दहानु में 15 स्कूल 164 सीटें, जव्हार में 3 स्कूल 37 सीटें, पालघर में 69 स्कूल 917 सीटें, तलासरी में 12 स्कूल 114 सीटें, वसई में 153 स्कूल 3637 सीटें, विक्रमगढ़ में 7 स्कूल 58 सीटें, वाडा में 13 स्कूल 145 सीटें निःशुल्क प्रवेश हेतु निर्धारित हैं। निर्धारित विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए बच्चों के निवास प्रमाण पत्र के साथ-साथ स्कूल की दूरी का उल्लेख, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, पिता का आय प्रमाण पत्र, दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सा प्रमाण पत्र, बच्चों और माता-पिता का आधार कार्ड भी आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा विभाग प्राथमिक, जिला परिषद पालघर के माध्यम से समय सीमा के भीतर प्रवेश लेकर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है। अभिभावकों की जानकारी के लिए उक्त जानकारी वाला परिपत्र जिला परिषद पालघर की आधिकारिक वेबसाइट www.zppalghar.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

# ग्रामीण स्तर पर आर्थिक प्रगति से ग्रामीण होंगे आर्थिक रूप से सशक्त : वन मंत्री गणेश नाईक

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)**। ग्रामीणों को भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आसानी होगी। पहले जमीन के दस्तावेजों को लेकर विवाद और देरी होती थी, लेकिन अब इस योजना से ग्रामीणों को उनका संपत्ति कार्ड मिलेगा और इससे ग्रामीण स्तर पर आर्थिक प्रगति होगी और ग्रामीण आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। उक्त बातें वन मंत्री गणेश नाइक ने शनिवार 18 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित ग्राम सर्वेक्षण सनद वितरण कार्यक्रम के दौरान कही।

ज्ञात हो कि ₹स्वामित्व₹ योजना के अंतर्गत ग्राम सर्वेक्षण सनद वितरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टेलीविजन प्रणाली के माध्यम से किया गया। तदनुसार पालघर जिले के जिलाधिकारी कार्यालय के योजना कक्ष में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वामित्व योजना के लाभार्थियों की उपस्थिति में ग्राम सर्वेक्षण सनद वितरण कार्यक्रम वन मंत्री गणेश नाइक के हाथों संपन्न हुआ। यह योजना बैंक ऋण लेने की प्रक्रिया को भी सरल बनाएगी और बैंकों के लिए ऋण देना सुरक्षित भी बनायेगी क्योंकि उन्हें संपत्ति के स्पष्ट दस्तावेज मिलेंगे।





वन मंत्री गणेश नाइक ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत पालघर जिले में 60% काम पूरा हो चुका है और जल्द ही पूरे जिले के नागरिकों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के सफल कार्यान्वयन में पालघर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन ने इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया है और इसका उद्देश्य भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आर्थिक रूप से अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, सांसद डॉ. हेमंत सावरा, विधायक राजेंद्र गावित, जिलाधिकारी गोविंद बोडके, पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, अपर जिलाधिकारी भाऊसाहेब फटांगरे, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, निवासी उपजिलाधिकारी सुभाष भागड़े, उपजिलाधिकारी महेश सागर, तेजस चव्हाण समेत वरिष्ठ अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित थे।

## हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ: हुसेन पठाण



**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। भाजपा उत्तर पश्चिम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हुसेन पठाण ने कहा मेरे लिए देश के प्रधानमंत्री से मिलना गर्व की बात है , भारतीय जनता पार्टी इसलिए दुसरी पार्टी से अलग है, मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को भी पार्टी सम्मान देती है, प्रधानमंत्री से मिलने का मौका देती हुसेन पठाण ने कहा मै मुसलमान हु और मुझे गर्व है मै भाजपा का कार्यकर्ता हुं।

मै अपने सभी वरिष्ठ नेताओं जिला अध्यक्ष, और मुंबई अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान का आभार व्यक्त करता हु जिन्होंने मुझे देश के प्रधानमंत्री से मिलने का मौका दिया।

## सांसद श्रीकांत शिंदे के हांथो विकलांगो के लिए फिजियोथेरेपी केंद्र का उद्घाटन

- केडीएमसी ने दी विकलांगों को बड़ी राहत
- आयुक्त डॉक्टर इंदुरानी जाखड की कड़ी मेहनत

चेतन निर्मल

**कल्याण (उत्तरशक्ति)**। डोंबिवली मनपा द्वारा विकलांग व्यक्तियों के लिए फिजियोथेरेपी और पुनर्वास केंद्र बनाया गया है, शुक्रवार को इसका उद्घाटन सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने किया. यह केंद्र सात हजार वर्ग फीट जगह में स्थापित किया गया है. विकलांगों के लिए यह निःशुल्क है, बतादे की कल्याण पश्चिम के शांगले वाड़ी में विकलांग व्यक्तियों के लिए फिजियोथेरेपी सहित अन्य बीमारियों के लिए एक फिजियोथेरेपी केंद्र केडीएमसी ने बनाया है इसका लाभ बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर आसपास के मरीज यहां आकर अपना निशुल्क लाभ ले सकते है.इस संदर्भ में ज्यादा जानकारी देते हुवे पालिका जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि फिजियोथेरेपी केंद्र के उद्घाटन से पहले मनपा में लगभग 5 हजार 500 विकलांग व्यक्तियों ने अपना नाम पंजीकरण कराया है. पहली बार दिव्यांगों के लिए मनपा के माध्यम से फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध हुई है. उद्घाटन समारोह मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़, विधायक सुलभा गायकवाड़, विधायक राजेश मोरे, पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे, कल्याण पश्चिम शहर प्रमुख रवि पाटिल, कल्याण पूर्व शहर प्रमुख नीलेश शिंदे, पूर्व नगर सेवक नवीन गवली, पूर्व नगर सेवक मोहन उगले,सहित पालिका प्रशासन के तमाम अधिकारी वर्ग मौजूद थे।



## उत्तर भारतीय महासंघ द्वारा भांडुप में श्री राम कथा का भव्य आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। उत्तर भारतीय महासंघ द्वारा भांडुप में श्री राम कथा का भव्य आयोजन* 14जनवरी से 19 जनवरी तक मंगला शुक्ला एवं एड. योगिता अनुपम दूबे के संयोजन में मारुती मंदिर, लेक रोड,भांडुप प. पर चल रहा है।

कथा वाचक श्री शिवानंद मिश्रा 'सरस ' काशी वाले अपनी सरस वाणी से प्रभु श्रीराम की लीलाओं का वर्णन कर रहे है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में भांडुप के लोकप्रिय विधायक अशोक पाटील, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. बाबूलाल सिंह, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन ), डॉ. सदानंद मिश्रा, एच. एन. सिंह,मैथ्यु चेरियन, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रीराम कथा के आयोजन में राजेश मिश्रा, मोहित सिंह, नितिन मिश्रा, गुलाब दूबे, चन्द्रवीर यादव,सदाशिव चतुर्वेदी, विनय त्रिपाठी,सुधाकर मिश्रा, संतोष मौर्या, सुनील यादव,रमेश यादव, राकेश शुक्ला का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। राम कथा श्रवण हेतु श्रद्धालु जनों की भारी भीड़ उपस्थित हो रही है।



## श्रीनारायण तिवारी को डॉ राम मनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। महाराष्ट्र के लोकप्रिय हिन्दी दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक और हिन्दी पत्रकारिता के जाने माने नाम श्रीनारायण तिवारी को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए डॉ. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हे युग प्रवर्तक संस्था द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे अंधेरी पूर्व के विधायक मुरजी पटेल, उद्योगपति और हिन्दी साहित्यानुरागी सुधीर दांडेकर, समाज सेवी सुरेन्द्र दुबे, दिनेश तिवारी। श्रीनारायण तिवारी ने लोकप्रिय दैनिक जनसत्ता और संझा जनसत्ता में मुख्य संवाददाता, लोकमत समाचार और लोकमत तथा लोकमत टाइम्स में विशेष संवाददाता, तथा दबंग दुनिया, एब्सलूट इंडिया, पूर्ण विराम और दैनिक जागरुक टाइम्स में भी कार्यक्रारी संपादक के रुप में कार्य किया। उन्हे खबरों में तीखी धार और समाचार पत्र में नए कलेवर के लिए जाना जाता है जो आज भी दैनिक यशोभूमि समाचार पत्र में दिखाई देता है। इस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन करेंगे वरिष्ठ पत्रकार अनुराग राममनोहर त्रिपाठी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे पूर्व प्रधानाचार्य और समाजसेवी पं वंसीधर शर्मा। इस अवसर पर काव्य संध्या एवं पं.दिनेश चंद्र मिश्र (बैसवारी) द्वारा लिखित तथा पुस्तक अटलविहारी वाजपेयी का विमोचन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद और समाज सेवी संजय निरुपम को पं. मूलचंद शुक्ल समाजसेवी सम्मान से नवाजा जाएगा जबकि वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी को पं. हनुमानप्रसाद तिवारी समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।साहित्य सेवी रमेश बहादुर सिंह को बैसवारा गौरव सम्मान , कवि अल्हड़ असरदार को महावीर प्रसाद नेवटिया कविता सम्मान, कुमारी श्रेया भारती प्रकाश सैंदाणे को शारदा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह श्रीराम मंदिर आश्रम हाल, सेंट मेरी स्कूल के पास , जोगेश्वरी पूर्व में इस रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. दिनेश चंद्र मिश्रा (बैसवारी), सहसंयोजक शिवम मिश्र बैसवारी दारा दी गई है।

## हुनर 2025 और जल्लोष: कला और सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन

**मुंबई**। विद्या विकास एजुकेशन सोसायटी, विक्रोली, और स्वामी शामानंद एजुकेशन सोसायटी, घाटकोपर के संयुक्त तत्वावधान में हुनर 2025 कलादर्पण कला महोत्सव का आयोजन 20 और 21 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। इस महोत्सव में फिंगर अ?ण्ड पाल्म आर्ट, नेल आर्ट, ज्वेलरी आर्ट, होम डेकोर, केन वर्क, ग्लास कैनवास, टाइल्स और फैब्रिक पेंटिंग, मिनिएचर आर्ट, लाइव स्केचिंग और पेंटिंग, लाइव मेहंदी आर्ट, लाइव टैटू आर्ट, पेपर क्राफ्ट, टिन आर्ट, खाद्य पदार्थ और पेय, आईटी रोबोटिक्स, टेक्नोआर्ट, साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों की कलाकृतियों जैसे विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इस महोत्सव का उद्देश्य छात्रों की छिपी हुई कलात्मक प्रतिभा को सामने लाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अनघा राऊत करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में श्री मारुति म्हात्रे (संचालक, अमरकोर विद्यालय, भांडुप) और श्री संजीव पलांडे (अपर आयुक्त, कोंकण विभाग) उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा श्री औदुंबर सराफ, नगरसेविका राजराजेश्वरी रेडकर, श्री आदेश नवकुडकर, डॉ. सचिन राणे, श्री महेंद्र उबाले, श्रीमती ममता राव, श्री सदानंद रावराणे (अध्यक्ष, मिलिंद विद्यालय), और श्री अशोक बेलसरे (अध्यक्ष, शिक्षक भारती संगठन) विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, विकास कला विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय में जल्लोष नामक महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 22 और 23 जनवरी को किया जाएगा। इस महोत्सव में छात्रों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, पोस्टर पेंटिंग, सलाद सजावट, कोलाज, मेहंदी, रंगोली, नेल आर्ट, रील मेकिंग, कविता पाठ, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सर्वश्रेष्ठ अपशिष्ट उपयोग, निबंध लेखन, गायन, नृत्य, समूह नृत्य, रैप प्रस्तुति और व्यक्तित्व विकास पर आधारित ₹विकासश्री और विकासकुमारी₹ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। छात्रों के व्यावसायिक कौशल और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए ₹उद्यमिता कौशल विकास पहल₹ भी आयोजित की जाएगी।

## चिन्मय इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षिक रोबोट का जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने किया उद्घाटन



**पालघर(उत्तरशक्ति)**। जिले के बोईसर शहर परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत मान अंतर्गत वारंगणे स्थित चिन्मय इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार 15 जनवरी 2025 को विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों व अन्य गणमान्यों की उपस्थित में भारत में एआई आधारित सबसे उन्नत शैक्षिक रोबोट का उद्घाटन पालघर जिले के जिलाधिकारी गोविंद बोडके के हाथों किया गया। शैक्षिक रोबोट द्वारा जिलाधिकारी गोविंद बोडके का शाही व हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। चिन्मय इंटरनेशनल के सचिव डॉ. अनिलकुमार बी ने इस चमत्कार में योगदान देने वाले छात्रों के साथ जिलाधिकारी को शैक्षिक रोबोट की विशेष विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। शैक्षिक रोबोट और एआई और रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन नवाचार व तकनीकी उत्कृष्टता की संस्कृति के पोषण की दिशा में स्कूल की यात्रा और पारंपरिक सीमाओं से परे जाने और विकसित होने में आगे रहने के विद्यालय के प्रयासों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उद्घाटन समारोह की शुरूआत डॉ अनिलकुमार बी के उत्साहजनक स्वागत भाषण के साथ की गई। इस दौरान सैम ने आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में एआई और रोबोटिक्स को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष टी.बी. ठाकुर की अध्यक्षता वाली विद्यालय दूरदर्शी नेतृत्व टीम की प्रशंसा की। जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने विद्यालय परिवार द्वारा ह्यस्कूल परिसर के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे व शांत वातावरण तथा स्कूल की ओर से प्रदान की गई उन्नत सुविधाओं के लिए विशेष प्रशंसा की। इस दौरान एनईपी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए रोबोटिक्स और एआई को पेश करने के लिए भी सम्मानित सभा को संबोधित किया गया।

इसके बाद छात्रों की उत्साही टीम ने शैक्षिक रोबोट के साथ बातचीत की। लाइव प्रदर्शन ने मान्यवरों व अन्य उपस्थित जनों को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम का समापन संस्था की प्रमुख जयश्री अय्यर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सार्वजनिक राष्ट्रगान एवं शांतिपाठ के साथ किया गया।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# 24 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा जमीनी मालिकाना हकः रमेश सिंह

## विधायक ने पांच गांव के 150 लोगों को सौंपे पर घरौनी प्रमाण पत्र

**शिव कुमार प्रजापति**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील प्रांगण में शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने पाईबाग सबरहद ताखा पश्चिम के 150 लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए। शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 344 गांव में कुल 24369 लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले लोगों के पास आबादी की जमीन तो थी लेकिन कागजात नहीं होने के कारण उन्हें न्यायालय का सहारा लेना पड़ता था। जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी होती थी। जमीन का मालिकाना हक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्व पूर्ण पहल से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिल रहा है। इससे वह बैंक से ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं। और अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं उक्त कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण भी स्क्रीन पर देखा। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया तहसीलदार आशीष सिंह नायाब बलवंत उपाध्याय विधायक प्रतिनिधि संतोष पांडे सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



# पत्र लेखन से होगा शब्दावली एवं रचनात्मक क्षमता का विकासः कर्नल विनोद

**रियाजुल हक ब्यूरोचीफ**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वैलियंट वाराणसियन डाक बाइकर्स महाप्रचार अभियान के चौथे दिन जौनपुर में कर्नल विनोद पीएमजी वाराणसी की अध्यक्षता में डाक विभाग महाप्रचार अभियान के तहत रजा डीएम शिया इंटर कॉलेज जौनपुर में कक्षा नवीं से बारहवीं के स्कूली बच्चों के बीच पोस्टकार्ड लेखन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिसमें से 10 चयनित बच्चों को कर्नल विनोद ने पुरस्कृत किया गया और जौनपुर मंडल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. सैयद अलमदार हुसैन नजर ने डाक विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह हमारे बच्चों के लिए एक नई पहल है। उन्होने डाक विभाग को दूरसंचार माध्यम की रीढ़ बताया तथा डाक विभाग की सभी योजनाओं तथा वर्तमान डाककर्मियों के व्यवहार की सराहना की। स्कूल के प्रबंधक श्री सैयद नजमुल हसन नजमी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे छात्र छात्राओ पहली बार पोस्ट कार्ड लिखने का सौभाग्य मिला तथा डाक विभाग द्वारा उनके विद्यालय में पोस्टकार्ड लेखन का आयोजन कराने के लिए साधुवाद दिया। मुख्य अतिथि कर्नल विनोद कुमार ने कहा कि यह पोस्ट कार्ड लेखन बच्चों में रचनात्मक, कलात्मक तथा भावनात्मक क्षमता में वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि पत्र लिखना एवं पढ़ना एक भावनात्मक जुड़ाव पैदा करता है और ऐसा भावनात्मक जुड़ाव आज के दौर के व्हाट्स या किसी भी डिजिटल माध्यम से नहीं आ सकता क्योंकि पत्र लेखन बच्चों के शब्दावली में सुधार करेगा जिससे उसकी भाषा का विकास होगा। कर्नल विनोद ने बताया कि शिक्षा ही वो हथियार है।जिससे आप पूरी दुनिया बदल सकते है इसलिए सीखने कि लगन बाये रखे। मुख्य अतिथि महोदय ने सभी उपस्थित अभिभावको एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे बच्चो की मासूमियत को बनाये रखे ताकि वह अच्छे नागरिक बने। रजा डीएम शिया इंटर कॉलेज जौनपुर के प्राचार्य तथा प्रबंधक से फिलेटली डिपाजिट क्लब खोलकर बच्चो को स्टाम्प की दुनिया से रूबरू करने का अनुरोध किया। जिससे वह सभी फिलाटेली को एक हॉबी की तरह अपनाएं। एक विद्यार्थी ने स्कूल की प्रिंसिपल को गणतंत्र दिवस पर गरीब लोगों को मिठाई खिलाने की सलाह दी तो बहुत सारे स्टूडेंट ने संविधान निमार्ता को लिखते हुए उसमें वर्णित अभिव्यक्ति की आजादी तथा सांप्रदायिक सद्भावना की बात लिखी है जो बच्चों में समाज के विकास की क्षमता को दशार्ती है। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर, जौनपुर मंडल श्री राम केवल चौहान, सहायक अधीक्षक पल्लवी मिश्रा, बीके शर्मा, विपिन यादव, डाक निरीक्षक अनिकेत रंजन, व्यास मुनि पाठक, इंद्रजीत पाल सहित रवि रंजन, राहुल, डाक बाइकर्स,खेतासराय एस.के. सिंह, के साथ अन्य डाककर्मी शामिल रहे।




## शाहगंज पुलिस ने चोरी की 6 मोटरसाइकिल के साथ 3 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्वेक्षण व मार्गदर्शन में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान आज दिनांक 18.01.2025 को सुबह मलमल पुलिया आजमगढ़ रोड़ से 03 अभियुक्तों को चोरी की 06 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा दो व्यक्ति मौके से फरार हो गये। जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 20/2025 धारा303(2),317(2), 317(4), 338,336(3), 340(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।




# इंतजामिया कमेटी ने दो लावारिश शव करवाए दफन

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद जौनपुर कमेटी के अध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया कि 17 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को कमेटी ने दो अलग अलग थानों के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफन करवाया। पहला शव थाना मड़ियाहूं अंतर्गत नहर से मिला था, उसको कांस्टेबल सतीश चंद्र और रामजी के द्वारा पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को सौंपा गया ।वही दूसरा लावारिस शव जौनपुर के थाना चंदवक से प्राप्त हुआ था। मुस्लिम समुदाय का होने के कारण दोनों शव पुलिस प्रशासन ने कमेटी को सौंपा पोस्टमार्टम के बाद एक शव मड़ियाहूं वाला दिन में 11 बजे तो चंदवक वाला शाम लगभग 7:00 बजे हजरत हमजा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ सेंट पैट्रिक स्कूल के सामने मोहल्ला पंचहटिया में दफनाया गया है। दोनों शव की नमाज ए जनाजा हाफिज अजहर रसीदाबाद ने पढ़ाई। उपाध्यक्ष मास्टर मेराज ने बताया अब तक कमेटी द्वारा दफन करवाया गया यह शव क्रमशः 151 और 152 है। पिछले लॉक डाउन से कमेटी मुस्लिम लावारिश शव दफन करवाती चली आ रही है। इस मौके अकरम मंसूरी, नूरुद्दीन मंसूरी, मुशर्रफ गुडलुक सहित पुलिस कांस्टेबल कृष्णा कुमार होम गार्ड राजेश सिंह, कल्लू, रिजवान आदि उपस्थित रहे।





## रामपुर पुलिस ने नाजायज असलहा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के मार्गदर्शन में उ0नि0 माया शंकर दुबे मय हमराह कर्म0गण के साथ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के दौरान कोटिगाँव नहर पुलिया से अभियुक्त दीपक यादव पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी राजापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को एक देशी कट्टा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ दिनांक 17.01.2025 को रात्रि में पुलिस हिरासत में लिया गया। फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग में पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान संबंधित न्यायालय किया जा रहा है।



# कुरास गेम में परचम लहराने वाली बेटियों को अखिलेश यादव ने किया सम्मानित

## वाराणसी के मथुरापुर गांव की बेटियों ने रायपुर में किया कमाल

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में सड़क किनारे सब्जी बेचने वाली मथुरापुर (भरथरा) निवासी सरिता पटेल की तीन बेटियों ने कमाल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र की रहने वाली इन बेटियों ने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल कुरास गेम में अपना परचम फहरा दिया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 2 से 6 जनवरी 2025 तक आयोजित गेम में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रीति पटेल गोल्ड, प्राची पटेल सिल्वर, शशि पटेल ब्रांज मेडल हासिल किया। इस बात की जानकारी होते ही शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीनों बेटियों, उनकी मां और कोच को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में सपा अध्यक्ष ने तीनों खिलाड़ियों, उनकी माता सरिता पटेल और कोच अजीत पाल को अंग वस्त्रम के साथ सभी को 51- 51 हजार रुपये का चेक देकर के सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीनों बेटियों और उनकी माता सरिता पटेल से काफी देर तक बातचीत किया। बातचीत से पता चला कि परिवार बेहद गरीब है खिलाड़ियों की मां फुटपाथ पर सब्जी की दुकान लगाती हैं खिलाड़ियों के पिता स्व. संतोष पटेल बुनकारी का काम करते थे। वह बीडीसी सदस्य भी थे। उनका सपना था कि उनकी बेटियां इस खेल में देश का नाम रोशन करें। पर असमय काल के गाल में समा गये। लेकिन बेटियों और उनकी मां ने तय किया कि हर हाल में इस सपने की साकार करना है। लिहाजा वह प्रतिदिन सुबह शाम घर से 20 किलोमीटर दूर अकेलवा के पास सजोई अखाड़े पर अभ्यास करने जाने लगी। उन्होंने बताया कि कुरास गेम मैट पर खेला जाता है लेकिन अखाड़ा बिना मैट वाला था। लेकिन पिता के सपने को साकार करने की ज़िद् में इन बेटियों ने इसकी परवाह नहीं की और पिता के सपने को सच कर दिखाया। मुलाकात के वक्त उनके साथ कुश्ती संघ वाराणसी के संयुक्त सचिव श्री गोरख यादव, कोच श्री अजीत पाल, पूर्व प्रत्याशी शिवपुर आनंद मोहन गुड्डू, प्रदीप जायसवाल भी मौजूद थे। सरिता पटेल ने अखिलेश यादव को सरदार पटेल का चित्र भेंट किया। कुरास गेम क्या है कुरास उज्बेकिस्तान का राष्ट्रीय खेल है। साधारण शब्दों में इसे उज्बेकिस्तानी कुश्ती भी कहा जाता है।

शोधकताओं और पुरातत्व विभाग उज्बेकिस्तान के अनुसार यह खेल लगभग 3000 वर्ष पुराना है यह उजबेकिस्तान के जराफशोन, सुरखोन और फरगना सहित कई क्षेत्रों में दुर्लभ खोजों, चट्टानों पर बनी तस्वीरों से साबित होता है। वर्तमान में विश्व के 70 से अधिक देशों में कुरास खेला जाता है। सन 2018 में कुरास को एशियाई खेलों में आधिकारिक रूप से शामिल किया गया। तब से यह एशियाई खेलों में खेला जाने लगा। भारत में कुराश की शुरूआत सन 2000 में हुई। तब से अब तक भारत में सभी आयु वर्गों का मिलाकर कुराश की 34 राष्ट्रीय व 5 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका हैं।



# छात्रवृति के लिए छात्र छात्राएं अपने पिता या अभिभावक का बनवायें आय प्रमाण पत्र

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल ने अवगत कराया है कि निदेशालय समाज कल्याण उ०प्र० लखनऊ द्वारा पूर्वदशम / दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनु० जाति / अनु० जनजाति / सामान्य वर्ग छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिन छात्र/छात्राओं द्वारा अपने माता-पिता/अभिभावक के स्थान पर स्वंय के नाम से निर्गत आय-प्रमाण पत्र का प्रयोग छात्रवृत्ति आनलाइन में किया गया है को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवेदन पत्रों को जनपद स्तरीय समिति के स्तर से निरस्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। ऐसे छात्रों को समय सारिणी के छात्रों के स्तर से आवेदन पत्रों में करेक्शन की अवधि में माता-पिता/अभिभावक अथवा पिता (जैसा लागू हो) के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र के संशोधन का अवसर प्रदान किया जायेगा। ऐसे छात्रों को संस्थाओं के माध्यम से यह अवगत करा दिया जाय कि वे सभी पिता के नाम से आय प्रमाण पत्र जारी करा लें तथा करेक्शन की अवधि मे पिता के नाम का आय प्रमाण पत्र का प्रयोग आनलाइन आवेदन में करें। उक्त के क्रम में जनपद के सभी संचालित शिक्षण संस्था के प्रबन्धक/प्राचार्य/ प्रधानाचार्य को अवगत कराया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सस्पेक्ट डाटा को संशोधित किये जाने की तिथि 05 फरवरी, 2025 से 10 फरवरी, 2025 तक व पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सस्पेक्ट डाटा को छात्र स्तर से संशोधित किये जाने की तिथि 29 जनवरी, 2025 से 03 फरवरी, 2025 तक है और संशोधित आवेदन पत्र छात्र विद्यालय में जमा करे। जिससे नियत समय सारिणी के अन्तर्गत विद्यालय से आवेदन पत्र पुनः अग्रसारित किया जाय। आप अपने संस्था के ऐसे छात्रों को वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करनें के साथ ही विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उक्त सूचना को चस्पा करना सुनिश्चित करें।

# दस्तावेज को रखें सुरक्षित, बेहतर भविष्य के निर्माण में आएगा कामः विजय सिंह विद्यार्थी

## स्वामित्व योजना के तहत 40 ग्रामीणों को वितरित की गई घरौनी

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)।विकासखण्ड शाहगंज सोंधी के सभागार में शनिवार को स्वामित्व योजना के अंतर्गत आयोजित एक कार्यक्रम में 40 ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री के लाइव सम्बोधन को सुना, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विद्यार्थी ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीणों को उनकी संपत्ति पर अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विवादों को समाप्त करने और विकास कार्यों को बढ़ावा देने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का माध्यम है। सभी लाभार्थियों से अपील की कि वे अपनी संपत्ति के दस्तावेजों को सुरक्षित रखें और इसका उपयोग बेहतर भविष्य निर्माण में करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सेठुआपारा से राम मिलन,रत्तीलाल, ज्ञानेंद्र, मजडीहा से मोहम्मद अरशद, जहीर हसन, निजामुद्दीन समेत कुल 40 लाभार्थियों को उनके घरों की घरौनी प्रमाण-पत्र सौंपे गए। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक उदयभान सिंह, लेखपाल अशोक यादव, योगेश सिंह बाबा, चिंता हरण शर्मा, रहमान मुन्नू, सफर शेख, गोलू यादव, रमेश यादव, शेखर यादव, हर्ष सिंह, अरशद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया।



## शाहगंज पुलिस साढ़े 10 किलो गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्वेक्षण में शाहगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिग के दौरान शातिर अभियुक्त ओमकार वर्मा पुत्र हीरालाल वर्मा निवासी खेतापुर बाल्मिकीपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर को नाजायज गांजा के साथ सुरिश पेट्रोल पंप के पास से दिनांक 17.01.2025 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0019/ 2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## अजीत कुमार सिंह निर्विरोध सभापति निर्वाचित

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। विकासखण्ड शाहगंज सोंधी क्षेत्र के खुदौली में साधन सहकारी समिति के सभापति के चुनाव में नया इतिहास रचते हुए अजीत कुमार सिंह निर्विरोध सभापति हुए। इस चुनाव में सदस्यों ने सर्वसम्मति से अजीत सिंह के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए उन्हें अपना समर्थन दिया। अजीत सिंह ने सभापति पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। मैं सभी सदस्यों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। मैं वादा करता हूं कि साधन सहकारी समिति की प्रगति और किसानों के हित के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। बी पैक्स चुनाव में इस बार शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न हो गया। चयन पर खुशी व्यक्त की और कहा कि उनका नेतृत्व समिति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता, राजेश यादव, विनोद मिश्रा, अनिल सिंह, रेखा यादव समेत आदि लोगों ने जीत बधाई दिया।



## रक्षामंत्री व हिमाचल के राज्यपाल का आगमन आज

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी सांसद भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल सहित भाजपा के राष्ट्रीय संगठन प्रदेश संगठन के कई नेताओं मंत्रियों का आगमन 19 जनवरी रविवार को मछलीशहर के निजामुद्दीन ग्राम में हो रहा हैं। यह लोग भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री, पूर्व प्रदेश मंत्री, पूर्व प्रचारक, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रतिनिधि जगत नारायण दुबे जगत के पौत्री के विवाह समारोह में शामिल होंगे। वीआईपी आगमन को लेकर तैयारियां जोरो पर हैं।

# मैदागिन के पास बनेगी एक और पार्किंग, दूर होगी आम जन-मानस की समस्या

## जमीन मालिकों से बातचीत जारी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी शहर की पार्किंग समस्या को ध्यान में रखकर मैदागिन क्षेत्र में एक और पार्किंग बनेगी। यहां जमीन के लिए मालिकों से बातचीत की जा रही है। नगर निगम की ओर से यह योजना बनाई जा रही है। इसके तहत मैदागिन के पास पार्किंग के लिए कुछ जमीन मालिकों से बातचीत भी चल रही है। सब कुछ ठीक रहा तो टाउनहॉल पार्किंग फुल होने के बाद भी लोगों को विकल्प के रूप में एक पार्किंग मिलेगी। इस पार्किंग में कई वाहन खड़े हो सकेंगे। इससे शहर में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी वाहन खड़ा करने के लिए भटकना नहीं होगा। यहां आने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर ऐसा किया जा रहा है। नगर निगम के राजस्व विभाग ने यहां का निरीक्षण कर चार प्रमुख स्थानों की तलाश कर ली है। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। जिस प्रकार गोदौलिया की ओर से पार्किंग की व्यवस्था दी जा रही है। उसी प्रकार मैदागिन की ओर से पार्किंग की सुविधा में विस्तार किया जाएगा। यहीं पर दवा मंडी, गल्ला मंडी, बनारसी साड़ी और सोना चांदी की मंडी हैं। जिसके चलते दूर दराज से आने वाले लोगों का दबाव इस क्षेत्र में अधिक रहता है। विश्वनाथ मंदिर और कालभैरव जाने वाले भक्तों के लिए मैदागिन पर पार्किंग होने से काफी सहूलियत होगी। दरअसल स्मार्ट सिटी की ओर से बेनियाबाग, टाउनहाल और गोदौलिया की पार्किंग बनाई गई है। ये पार्किंग अक्सर फुल हो जाती हैं। इसे देखते हुए विश्वेश्वरगंज से मैदागिन मार्ग पर नई पार्किंग के लिए जमीन तलाशी जा रही है।



# उपभोक्ताओं को मिल सकती है महंगी बिजली, तैयारी शुरू

लखनऊ(उत्तरशक्ति)। मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 का मसौदा लागू हुआ तो बिजली चोरी, घपले, वाणिज्यिक नुकसान सहित अन्य मामलों में विद्युत निगमों को होने वाले घाटे का खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ेगा। उन्हें महंगी बिजली दर चुकानी होगी। इसके लिए उपभोक्ता परिषद ने कानूनी लड़ाई की तैयारी शुरू कर दी है। उपभोक्ता परिषद ने एलान किया है कि शनिवार को प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं से इस मुद्दे पर ऑनलाइन राय ली जाएगी। इसके बाद संघर्ष का एलान किया जाएगा। प्रदेश में मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन का कार्यकाल पूरा हो गया है। अब इसे नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। नियामक आयोग ने बृहस्पतिवार को मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 का मसौदा जारी करते हुए प्रदेश के उपभोक्ताओं से 13 फरवरी तक आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। नए मसौदे में पहले से चल रहे टैरिफ निर्धारण कानून में कई बदलाव का प्रस्ताव है। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि प्रस्तावित ड्राफ्ट पूर्ण तरीके से निजी घरानों व बिजली निगमों को लाभ देने वाला है। इस ड्राफ्ट में विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सांविधानिक गरिमा की भी चिंता नहीं की, जो नियामकीय रूपरेखा में काले अध्याय के रूप में देखा जाएगा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि मसौदे में यह व्यवस्था की गई है कि निगमों में होने वाली बिजली चोरी, वाणिज्यिक नुकसान, भ्रष्टाचार से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए उपभोक्ताओं से भी हिस्सा लिया जाएगा। जबकि पूर्व में लागू कानून में यह व्यवस्था थी कि बिजली चोरी सहित अन्य प्रकरण का खामियाजा उपभोक्ता नहीं उठाएंगे, क्योंकि इसके लिए विजिलेंस विंग, बिजली थाना एवं अन्य व्यवस्था भी है। इसी तरह मसौदे में मरम्मत संबंधी और कार्मिक लागत सहित अन्य सभी प्रकरण में बदलाव कर रहा है। इन सभी खर्चों को किसी न किसी रूप में उपभोक्ताओं पर डालने की तैयारी है। विद्युत नियामक आयोग ने प्रस्तावित मसौदे में भविष्य में आने वाली निजी कंपनियों के लिए भी एक रूपरेखा तैयार कर दी है। आयोग को यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य की बात कानून में कैसे ला सकते हैं? परिषद ने आरोप लगाया कि इससे स्पष्ट है कि निजी घराने अब कार्पोरेशन के साथ ही नियामक आयोग को भी गुमराह कर रहे हैं। यह विद्युत उपभोक्ताओं के साथ धोखा है।

# बीजेपी शासन में कानून व्यवस्था चौपटः डा.सूर्यभान यादव

## मलूकपुर गांव में दलित दम्पति का गला घोंटकर की गई थी हत्या

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर युवा सपा नेता व वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. सूर्यभान यादव शनिवार को खुटहन के मलूकपुर गांव में दलित दम्पति की हत्या मामले में मृतक के पीड़ित परिजनों से मिले। उन्होंने शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को सांत्वना दी और 50 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर घटना के बारे में अवगत कराएंगे। कहा कि हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि केवल गरीबों और कमजोर तबके के लोगों पर ही बाबा का बुलडोजर चलेगा या फिर गला घोट कर हत्या के आरोपियों के घर पर भी बुलडोजर चलेगा। कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति का ढिंढोरा पीटने वाली योगी सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जौनपुर ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर- प्रदेश की पहचान अपराध युक्त प्रदेश के रूप में हो गई है। भाजपा की प्रदेश सरकार में पूरी तरह से जंगल राज है। अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। आए दिन दिन दहाड़े खुलेआम हत्या कर दी जा रही है। 10 दिन बाद पुलिस प्रशासन द्वारा शव बरामद किए जाने पर उन्होंने सरकार के लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल उठाए। कहा कि प्रदेश में अपराध चरम सीमा को पार कर गया है। भ्रष्टाचार, महंगाई और घूसखोरी बढ़ गई। पुलिस ने घटना की तह तक न जाकर मामले को दबाने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय, बेरोजगारों को रोजगार और छात्र-छात्राओं को उत्तम शिक्षा और किसानों को खुशहाली मिले। इसके लिए प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनना प्रदेश के नागरिकों के हित में है। उन्होंने 2027 में अखिलेश की सरकार बनने का दावा किया। मौके पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश यादव, सपा के जिला उपाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, पंकज, वीरेंद्र मौर्य, उमाशंकर पाल, रामानंद निषाद, नंदलाल गौतम, विवेक यादव, रविशंकर शुक्ल, लवकुश मौर्य, नवनीत यादव, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस मुठभेड़ में तीन इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**इटावा (उत्तरशक्ति)**। मुठभेड़ में तीन इनामी गैंगस्टरों को वैदपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तमंचा, चोरी की गई बाइक, कारतूस और दो मोबाइल बरामद किए हैं। तीनों इनामी बदमाश वाराणसी के रहने वाले हैं। शुक्रवार देर रात लगभग दो बजे वैदपुरा पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को नगला बरी गांव की ओर से आती हुई बाइक पर तीन सवार लोग दिखे। पुलिस को देख बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें घेर लिया। जवाबी फायरिंग करते हुए पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को रायनगर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पप्पू उर्फ सरताज (32) निवासी ग्राम दईपुर भवानीपुर थाना चोलापुर वाराणसी, शकील अंसारी (24) निवासी धरसोना थाना चोलापुर वाराणसी और दीपक (23) निवासी ग्राम महदा थाना चोलापुर वाराणसी हैं। इन पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम व गैंगस्टर का मामला भी दर्ज है। काफी समय से इनकी तलाश की जा रही थी। इनके खिलाफ वैदपुरा थाने में पहले से चार-चार मुकदमे दर्ज हैं।

## चीनी मांझे की चपेट में आकर चार साल की बच्ची घायल

**बदायूं (उत्तरशक्ति)**। बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चीनी मांझे से चार साल की बच्ची घायल हो गई। उसके चेहरे पर जख्म हुआ है। परिवार ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पिता ने पतंग उड़ाने वाले लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चीनी मांझे से शाहजहांपुर में 11 जनवरी को सिपाही शाहरुख हसन की मौत हो गई थी। इसके बाद भी बदायूं जिले में पुलिस प्रशासन ने मांझे की बिक्री व छापेमारी की जहमत नहीं की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी छम्मन अपनी चार साल की बेटी अर्शी को लेकर ट्यूशन से बाइक पर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नवादा चौकी के पास पहुंची तो अचानक चीनी मांझा बेटी की नाक व आंख पर आकर लगा और उसे घायल कर दिया। जब तक उन्होंने बाइक रोककर देखा तब तक बच्ची खून से लथपथ हो गई। पिता ने चौकी पर शिकायत कर पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसआई अनंत कुमार ने बताया है कि जांच कर रहे हैं, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**बहराइच (उत्तरशक्ति)**। मिहींपुरवा बहराइच कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज के ग्राम उर्रा के मजरा तमोलिनपुरवा में मां के साथ खेत गयी बालिका को मौत के घाट उतारने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया है जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बच्ची की मौत के बाद ग्रामीणों में काफी दहशत थी और लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुआ को पकड़ने की मांग की थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग ने घटना वाली जगह पर बुधवार की रात में पिंजरा लगाया था लेकिन दो दिनों तक तेंदुआ पिंजरे के आसपास नहीं आया। शुक्रवार की रात को तेंदुआ वन विभाग के द्वारा लगाए।

## लापरवाही पर रोडवेज के तीन चालकों की सेवा समाप्त

**बस्ती(उत्तरशक्ति)**। बस डिपो के एआरएम आयुष भटनागर ने लंबे समय से ड्यूटी न करने वाले तीन चालकों की संविदा समाप्त कर दी है। एक आउटसोर्सिंग परिचालक को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। आठ संविदा व तीन आउटसोर्सिंग परिचालकों को ड्यूटी से नदारद रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ केंद्र प्रभारी की रिपोर्ट पर की गई है। रिपोर्ट के अनुसार संविदा चालक रंजीत कुमार, रवींद्र कुमार व महेश कुमार लंबे समय से ड्यूटी से नदारद चल रहे थे। एआरएम आयुष भटनागर ने बताया कि तीनों चालकों को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। मगर, वे न तो हाजिर हुए और न ही संतोषजनक जवाब दे सके। लिहाजा संविदा सूची से नाम खारिज करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि आउटसोर्सिंग परिचालक रामचंद्र यादव को भी लंबे समय से ड्यूटी न करने पर अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया गया। मगर, वह न तो हाजिर हुए और न ही अपना पक्ष रख सके।

## किसान को बंधक बनाकर लूट ले गए भैंस

मथुरा (उत्तरशक्ति)। मथुरा के नौहझील के थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार देर रात बदमाशों ने किसान को असलाह के बल पर बंधक बनाकर दो भैंस वाहन में लादकर चोरी कर ले गए। किसान के शोर मचाने के प्रयास पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। चारपाई से हाथ-पैर बांध दिए। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई और सूचना इलाका पुलिस को दी। तहरीर लेकर इलाका पुलिस बदमाशों की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी देते हुए बाजना चौकी के अंतर्गत गांव बालीपुर निवासी किसान इन्द्रजीत ने बताया कि वह अपने पशुओं की रखवाली को नौहरे में सो रहे थे। इस दौरान कुछ बदमाश नौहरे में घुस आए। चहल-कदमी की आवाज सुन किसान की आंख खुल गई। बदमाशों को देख शोर मचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने किसान को असलाह दिखा बंधक बना लिया। मुंह में कपड़ा ठूंस चारपाई से किसान के हाथ-पैर बांध दिए। वहां बंध रहीं दो भैंसों को वाहन में लादकर ले गए। सुबह घर से किसान की पत्नी पशुओं के चारे में आटा मिलाने को पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों द्वारा सूचना डायल 112 नंबर पर दी गई। सूचना पर बाजना चौकी प्रभारी अरविंद सिवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। घटना के संबंध में पीड़ित किसान द्वारा तहरीर इलाका पुलिस को दी गई है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## कल्यानपुर गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों ने पकड़ी घटतौली

**बस्ती,कुदरहा**। मुंडेरवा शुगर मिल के कल्यानपुर-ए क्रय केंद्र पर हो रही घटतौली से नाराज किसानों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी होने पर उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर कांटे की खामियों को दूर कर किसानों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार, कुदरहा ब्लॉक के कल्यानपुर ए क्रय केंद्र के किसानों को जब गन्ने के तौल में घटतौली की आशंका हुई तो पुष्टि के लिए अपने गन्ने की तौल धर्म कांटे पर कराया। तौल में दो क्विंटल की घटतौली मिलते ही किसान आक्रोशित हो गए। यह जानकारी होते ही पिपरपाती एवं परसांव के सर्वजीत , घनश्याम एवं विनोद आदि ने पहले अपनी ट्रॉली धर्म कांटे पर तौल कराया फिर गन्ना क्रय केंद्र के कांटे पर तौल कराया। कमावेश सभी की गाड़ियों एक से दो क्विंटल गन्ने की घटतौली मिली। इससे किसानों की नाराजगी और बढ़ गई। किसान क्रय केंद्र पर एकत्रित होकर वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष से जानकारी कराई । मिल के एसीजीएम अमित दूबे को जैसे ही मामले की जानकारी हुई उन्होंने मिल प्रशासन को किसानों के शिकायत से अवगत कराया । इस पर मिल के सीसीएम अनुपम सिंह एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक अनुपम सिंह मौके पर पहुंच कर तकनीकी टीम बुलाया और कांटे को ठीक कराकर किसानों को संतुष्ट किया।

## नाबालिग की हत्या में कॉलेज प्रबंधक के बेटे को उम्रकैद

कौशांबी (उत्तरशक्ति)। कड़ा कोतवाली (तत्कालीन सैनी) के चक इमामअली निवासी रामसिंह की अपने बेटे तेज सिंह उर्फ मान सिंह से रंजिश चल रही थी। रामसिंह ने अलीपुर जीता में एक विद्यालय खोल रखा था। इस स्कूल में रामसिंह ने फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोस कोतवाली के सलेमपुर निवासी 16 वर्षीय रामसुमेर यादव को बतौर चपरासी नियुक्त किया था। रामसुमेर ज्यादातर रामसिंह के साथ ही रहता था। पिता को फंसाने के लिए तेज सिंह ने रामसुमेर की 24 दिसंबर 2005 में हत्या कर शव अलीपुर जीता नहर पटरी के किनारे गड्ढे में फेंक दिया था। मामले में मृतक के पिता रामकुमार की तहरीर पर हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

विवेचनात्मक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमा एडीजे-7 पॉक्सो एक्ट की अदालत में चला। शासकीय अधिवक्ता ने वादी समेत नौ गवाह प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद शुक्रवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया।

# मिट्टी लदे तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

बुलंदशहर (उत्तरशक्ति)। बुलंदशहर के गुलावठी स्थित सैदपुर मार्ग पर गांव उस्तरा स्थित काली नदी के पुल के निकट शनिवार दोपहर मिट्टी से भरे एक डंफर ने बाइक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में बाइक सवार महिला आमना (50) और उनके पुत्र सुब्हान (25) की मौत हो गई। जबकि, मृतक सुब्हान की पुत्रवधू हिना (23) निवासी गेसुपुर चंदियाना गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें हायर मेडिकल सेंटर हापुड़ के लिए रेफर कर दिया गया है। गांव गेसूपुर चंदियाना निवासी महिला आमना का मायका हापुड़ क्षेत्र के गांव मोड़ी कलां में है। उनके पुत्र सुब्हान की ससुराल भी मोड़ीकलां में ही है। शनिवार को सुब्हान अपनी मां आमना व पत्नी हिना के साथ बाइक पर सवार होकर गांव मोड़ी कलां रिश्तेदारी से गेसूपुर चंदियाना लौट रहे थे। दोपहर करीब एक बजे बाइक सवार तीनों जब गांव उस्तरा काली नदी के पुल के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे मिट्टी से भरे एक डंफर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से आमना व सुब्हान की मौके पर ही मौत हो गई और हिना गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद मिट्टी से भरा




डंफर सड़क किनारे खाई में पलट गया और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुब्हान ने हेलमेट पहन रखा था, इसके बावजूद भी उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक मौके पर पहुंची और जांच की। हादसे की सूचना पर मोड़ीकलां से ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। परिजन गंभीर रूप से घायल हिना को हापुड़ ले गए हैं। हिना तीन माह की गर्भवती भी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे की तहरीर अभी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

गांव खुशहालपुर में सरकारी विद्यालय में तैनात जगवीर सिंह दुर्घटना के बाद वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने बताया कि मौके पर दो लोग मृत पड़े थे। उन्होंने देखा कि हिना गंभीर रूप से घायल थीं और अन्य लोग तमाशबीन बने खड़े थे। जगवीर सिंह हिना को गंभीर हालत में अस्पताल ले गए। जिसके कारण हिना को समय से उपचार हो सका।

मृतक आमना ने कुछ साल पूर्व अपने बेटे सुब्हान की शादी अपनी ही भतीजी गांव मोड़ीकला निवासी हिना से कराई थी। जिसके बाद हिना मृतक की पुत्रवधु बन गई। सुब्हान दोनों को गांव गेसूपुर चंदियाना से गांव मोड़ीकला रिश्तेदारी में बाइक पर लाया था।

## सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**कौशांबी (उत्तरशक्ति)**। मंझनपुर कोतवाली के टेंवा पुलिस लाइन के समीप बुधवार दोपहर ई-रिक्शा से टकराकर बुलेट सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन युवक की बृहस्पतिवार रात उसकी मौत हो गई। युवक हेलमेट नहीं लगाए था। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को घर वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। टेनशाह आलमाबाद गांव का मजरा निवासी अमित कुमार (25) पुत्र स्व. ओमप्रकाश लोधी कुवैत में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। कुछ दिन पहले ही वह घर आया था, बुधवार को वह किसी काम से मंझनपुर गया था।

दोपहर को लौटते वक्त टेंवा स्थित पुलिस लाइन के समीप उसकी बुलेट निमार्णाधीन रामवनगमन मार्ग पर अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गई थी। हेलमेट नहीं होने के कारण अमित के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे एसआरएन रेफर किया लेकिन घरवालों ने उसे मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां, बृहस्पतिवार रात इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं। अमित दो भाइयों में बड़ा था। जवान बेटे की मौत से परिजन बिलख उठे। घटना के बाद से उसकी मां व भाई-बहन का रो-रोकर हाल खराब है।

# शिक्षा समानता पर एक अभूतपूर्व संवाद अपने नए संस्करण के साथ बिहार में हुआ आयोजित

पटना(उत्तरशक्ति)अक्टूबर 2024 में शिक्षा संवाद मुंबई द्वारा प्रज्वलित प्रभावशाली संवाद पर आधारित, शिक्षाग्रह आंदोलन ने पटना में एक शक्तिशाली आयोजन के साथ एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। द शिबूलाल फैमिली फिलैंथ्रोपिक इनिशिएटिव द्वारा आयोजित, बिहार में शिक्षा संवाद ने भारत की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में सुधार को गति देने पर ध्यान केंद्रित किया जिसमें विशेष रूप से लड़कियों और समाज के पिछड़े हुए समुदायों पर बात कि गई। इस ऐतिहासिक आयोजन ने समाजसेवी संगठन, फिलैंथ्रॉपिस्ट, शिक्षा और उद्योग से प्रमुख आवाजों को एकजुट किया, जिससे पूरे भारत में शिक्षा को बदलने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को बल मिला। मंत्र4चेंज, शिक्षालोकम और ज्योति महिला समाख्या द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया और भारत में शिक्षा समानता को आगे बढ़ाने और सार्वजनिक स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सार्थक चचाओं के लिए एक मंच प्रदान किया। मंत्र4चेंज की सह-संस्थापक और शिक्षालोकम की मुख्य परिचालन अधिकारी और सह-संस्थापक खुशबू अवस्थी ने कहा कि ह्लशिक्षा संवाद एक साथ आने, साझा अर्थ-निर्माण और शिक्षा को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। पटना में इसका आयोजन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह बिहार में सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए मंत्र4चेंज के चल रहे प्रणालीगत प्रयासों के साथ जुड़ा है। यह मंच हमें स्थानीय समुदायों के समृद्ध दृष्टिकोणों से सीखते हुए राज्य की अनूठी, प्रासंगिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने की अनुमति देता है। हम सब मिलकर हर बच्चे,



समानता की दिशा में काम करने के लिए एकजुट कर रहा है। इस आंदोलन का उद्देश्य एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जहाँ हर बच्चे को - चाहे उसकी पृष्ठभूमि, जेंडर या क्षमता कुछ भी हो उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी पूरी क्षमता तक खासकर लड़कियों और हाशिए के समुदायों के बच्चों के लिए सार्वजनिक शिक्षा को बेहतर बना सकते हैं। भारत की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए समर्पित एक जन आंदोलन, शिक्षाग्रह ने इस कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। 2030 तक भारत के सभी 10 लाख सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ, शिक्षाग्रह सरकारी निकायों, शिक्षकों, समाजसेवी संगठन, उद्योग, मीडिया के नेताओं और समुदायों को शैक्षिक पहुँचने का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम की शुरूआत बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष व्यास मिश्रा आईएएस (सेवानिवृत्त) के एक ज्ञानवर्धक मुख्य भाषण से हुई। इसके बाद अशोका विश्वविद्यालय के सह-संस्थापक प्रमथ राज सिन्हा; बिहार शिक्षा विभाग के अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. बिनोदानंद झा; नारी गुंजन की संस्थापक और पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुधा वर्गीस; और डालमिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी आराधना डालमिया के साथ एक विचारोत्तेजक बातचीत हुई। बातचीत पिछले दो दशकों में बिहार के शिक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति और इसके भविष्य की दिशा पर केंद्रित थी। इनवॉल्व के सह-संस्थापक सम्यक जैन द्वारा संचालित पैनल चर्चा में पीरामल फाउंडेशन के पीरामल स्कूल ऑफ लीडरशिप के स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड सिस्टम चेंज के सह-संस्थापक और निदेशक मोनल जयराम और एससीईआरटी, बिहार की संयुक्त निदेशक, अकादमिक डॉ. रश्मि प्रभा ने शिक्षा समानता प्राप्त करने की रणनीतियों पर गहन चर्चा की, जिसमें स्त्री-पुरुष भेद और समाज के पिछड़े वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया। बिहार शिक्षाग्रह आंदोलन के केंद्र में रहा है, जिसका नेतृत्व मंत्र4चेंज ने किया है, और इनवॉल्व, करुणोदय, ज्योति महिला समाख्या आदि जैसे अन्य भागीदार संगठनों द्वारा संचालित है, जो बड़े पैमाने पर शैक्षिक चुनौतियों का समाधान करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थरों में से एक राज्य भर में 29,000 से अधिक मिडिल स्कूलों में प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग (पीबीएल) की शुरूआत रही है, जो 60 लाख से अधिक छात्रों तक पहुँच रही है। शिक्षा के प्रति यह अभिनव, व्यावहारिक दृष्टिकोण कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए सीखने के अनुभव को बदल रहा है, अनुभवात्मक सीखने का समर्थन कर रहा है और उन्हें भविष्य के लिए व्यावहारिक कौशल से लैस कर रहा है। इसके अतिरिक्त, 11,000 से अधिक विज्ञान और गणित शिक्षकों को विषयों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए नई शिक्षण विधियों में प्रशिक्षित किया गया है। शिक्षा विभाग, बिहार के सहयोग से, 75 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।

## 9 केंद्रों पर 6467 छात्र देंगे नवोदय विद्यालय की परीक्षा

चंदौली। जिले में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शनिवार को नौ केंद्र पर आयोजित की जाएगी। इसकी सभी तैयारी विभाग की ओर से पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा सुबह 11.30 से 1.30 बजे तक होगी। परीक्षा में 6467 परीक्षार्थी भाग लेंगे। साथ ही इन केंद्रों पर केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षकों के साथ-साथ सीसी कैमरे की भी व्यवस्था की गई है, ताकि नकलविहीन परीक्षा कराई जा सके। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए जनपद के नौ केंद्र पर शनिवार को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए 6467 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। इसमें नेशनल इंटर कॉलेज सैयदराजा में 668, राहुल इंटरनेशनल स्कूल महुअर कला चहनियां में 920, आदित्य नारायण इंटर कॉलेज चकिया में 562, महेंद्र इंटर कॉलेज चंदौली में 804, बीएंडबी इंटरनेशनल स्कूल खरखोलिया धानापुर में 892, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ में 419,नगर पालिका इंटर कॉलेज मुगलसराय 712, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज शहाबगंज में 537 व सकलडीहा इंटर कॉलेज सकलडीहा में 953 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा के सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। पर्यवेक्षकों के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा व अन्य व्यवस्थाएं की गई है, ताकि नकल विहीन परीक्षा कराई जा सके। साथ ही परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चे अपने प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

## बिना लाइसेंस आरा मशीन से पेड़ कटाई की सूचना पर SDM ने मारा छापा, बड़े पैमाने पर लकड़ी बरामद

चंदौली। चंदौली जिले के विभूति नगर स्थित एक मकान में सागौन की लकड़ी रखने और बिना लाइसेंस मिनी आरा मशीन चलने की सूचना पर शुक्रवार को एसडीएम दिव्या ओझा ने छापा मारा। सूचना पाकर वन विभाग के अधिकारी और कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जांच के बाद लकड़ी और मिनी आरा मशीन को जब्त कर लिया। वन विभाग ने तीन लोगों पर वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं दो व्यक्ति भाग गए। एसडीएम दिव्या ओझा ने शुक्रवार की दोपहर में वन विभाग के रेंजर अश्वनी चौबे, कोतवाल अतुल प्रजापति के साथ नगर के विभूति नगर वार्ड नंबर नौ स्थित धर्मेंद्र चौहान के मकान में छापा मारा। यहां से बिना लाइसेंस के मिनी आरा मशीन चलती मिली। इस पर मिनी आरा मशीन, आम और प्रतिबंधित सागौन की लकड़ी और चिरान की लकडी जब्त कर वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस मामले ने वन विभाग ने तीन लोगों पर वन विभाग की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमें धर्मेंद्र चौहान हिरासत में ले लिए गए हैं। दो अन्य फरार है जिनकी तलाश की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी अश्वनी चौबे ने बताया कि विभूति नगर निवासी धर्मेंद्र चौहान के मकान में अवैध रूप से संचालित मिनी आरा मशीन से लकड़ी की चिराई का कार्य हो रहा था। टीम ने मशीन को जब्त कर लिया और लकड़ी की सामग्री को कब्जे में ले लिया गया है। इस मामले में तीन लोगों पर वन विभाग की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीएम दिव्या ओझा ने बताया कि इस मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश वन विभाग को दे दिया गया है।

## जमीन के लालच में पांच साल की मासूम को मार डाला



**अमरोहा (उत्तरशक्ति)**। जमीन के लालच में चाचा-चाची ने पांच साल की मासूम (खुशबू) की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को हादसे का रूप देने के लिए उसे छत से नीचे फेंक दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मासूम की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। मां की तहरीर पर पुलिस ने चाचा-चाची के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। घटना क्षेत्र के गांव पत्थरकुटी की है। नगर से सटे ग्राम पत्थरकुटी में जसपाल सिंह व उसके भाई लोकेश सैनी का परिवार रहता है। जसपाल की शादी उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी मनीषा के साथ हुई थी। उनके पांच साल की लड़की खुशबू थी। भाई लोकेश की शादी रजिया के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। करीब सात माह पहले मनीषा अचानक लापता हो गई। मनीषा के गायब होने के एक माह बाद जसपाल भी कहीं चला गया। उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज है। जबकि, पांच साल की खुशबू अकेली रह गई थी। उसके बाद खुशबू अपने चाचा-चाची के पास ही रहती थी। नौगांवा रोड पर जसपाल के नाम 200 गज का एक प्लॉट है। शुक्रवार की दोपहर बाद खुशबू के छत से गिरकर मौत होने की बात सामने आई। उधर, गांव वालों ने थाने पहुंचकर खुशबू की मौत पर सवाल उठाते हुए उसका पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया। मामला संदिग्ध देखते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की रात डॉक्टरों के एक पैनल ने खुशबू का पोस्टमार्टम किया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुशबू की मौत की पुष्टि गला दबाने से हुई। पीएम रिपोर्ट की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घर पर मौजूद लोकेश व उसकी पत्नी रजिया को हिरासत में ले लिया। वहीं, खुशबू की मौत जानकारी होने पर उसकी मां मनीषा थाने पहुंच गई। उसने अपने देवर लोकेश व देवरानी रजिया पर जमीन हड़पने के लालच में बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि मनीषा की तहरीर पर लोकेश व रजिया के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने पेश किए एमजी साइबरस्टर और एमजी एम9

पटना(उत्तरशक्ति)। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ ऐक्सैसिबल लक्जरी के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोजीन एमजी एम9, इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरूआत करने के कंपनी के विजन को दशार्ते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और



एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं । इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी जैडएस। भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर बैस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ क्लासिक एमजी बी रोडस्टर को नए रूप में लेकर आई है, जिसमें क्लासिक लालित्य और शानदार परफॉरमेंस का मिश्रण है। स्पोर्ट्सकार ड्राइवरों की नई पीढ़ी के लिए डिजाइन की गई एक बिल्कुल नई रोडस्टर, एमजी साइबरस्टर ब्रांड के लिए एक नए साहसिक व सम्मोहक अध्याय की शुरूआत कर रही है। एमजी एम9 भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोजीन है, इसका कॉन्सेप्ट बेहतरीन आराम और लक्जरी ऑन व्हील्स प्रदान करने का है। आलीशान इंटीरियर, बेहतरीन शिल्प और लंबी रेंज के साथ एक लग्जरी इलेक्ट्रिक कार को नए तरीके से परिभाषित करते हुए एमजी एम9 का करिश्मा भारत में लग्जरी खरीदारों को आकर्षित करेगा।

## ऑक्सीजन सिलिंडर फटा एक की मौत

**मथुरा (उत्तरशक्ति)**। मथुरा के शहर कोतवाली की चंदा कॉलोनी में शुक्रवार की शाम को ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से एक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर विभिन्न अस्पताल पहुंची। यहां से उन्हें आगरा रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि बीएसए रोड इंजीनियरिंग कॉलेज रोड स्थित चंदा कॉलोनी में थाना रिफाइनरी के गांव भाहई निवासी रामवीर सिंह का मकान है। मकान के बराबर में ही उनका ऑक्सीजन सिलिंडर रखने का गोदाम है। शुक्रवार की दोपहर पांच बजे के करीब जोरदार आवाज के साथ सिलेंडर फटा। सिलेंडर फटने के कारण जिला मिजार्पुर निवासी 30 वर्षीय दीपक पुत्र प्रभाकर मिश्रा की मौत हो गई, जबकि दुकान के सामने से निकलते स्थानीय निवासी सतीश पंडित और फरह निवासी जीतू गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि प्रभात नगर निवासी सतीश ड्राइवरी का कार्य करता है। फरह निवासी जीतू के हाथ और पैर में गंभीर चोट लगी है। पुलिस सतीश को डीएस हॉस्पिटल लेकर गई, जबकि जीतू को मथुरा न्यूरो हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां से जीतू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। घनी आबादी में ऑक्सीजन सिलेंडर के गोदाम होने को लेकर स्थानीय लोगों में काफी रोष था, सूचना मिलते ही सीओ सिटी भूषण वर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जानकारी का प्रयास किया, लेकिन दुकान स्वामी मौके पर नहीं मिला। मकान के अंदर जो लोग मिले वह खुद को किराएदार बताकर बचते दिखाई दिए।

## पुआल के ढेर में रोता हुआ मिला नवजात

**इलिया**। क्षेत्र के सीहर गांव के सिवान में स्थित मोहनपुरवां तालाब के पास शुक्रवार की सुबह पुआल के ढेर में रोता हुआ नवजात मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया। सीहर गांव के लोग सुबह के वक्त खेत-खलिहान पर जा रहे थे। इसी बीच पुआल के ढेर से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पोखरे के पास पुआल के ढेर को हटाकर देखा तो कपड़े से ढंककर नवजात पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बच्चे को चकिया स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। यहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया।

## 30 करोड़ की मूर्ति चोरी मे चार गिरफ्तार आरोपी

**मिजार्पुर(उत्तरशक्ति)**। मिजार्पुर जिले की पड़री थाना क्षेत्र के श्री राम जानकी मंदिर से चोरी अष्टधातु की तीन मूर्तियों को पुलिस एसओजी टीम ने बरामद कर लिया है। मामले में आश्रम के ही बंसी बाबा समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा एसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान किया। बता दें कि 14 जनवरी को श्री राम जानकी मंदिर से अष्टधातु की तीन मूर्ति चोरी हो गई थी। आश्रम की देखरेख करने वाले बंसी बाबा ने ही मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुटी। छानबीन के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिला। जिसमें पता चला कि बंसी बाबा ने ही मूर्ति चोरी की साजिश रची है। जिसके बाद पुलिस ने बंसी बाबा, लव कुश पाल, मुकेश कुमार सोनी, राम बहादुर पाल को गिरफ्तार कर लिया। तीनों मूर्ति को बरामद कर लिया।






# महाकुंभ : 11 हजार त्रिशूल के बीच 7.5 करोड़ रुद्राक्ष से बना 12 ज्योतिर्लिंग आकर्षण का केन्द्र

-सुरेश गांधी

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम की पावन रेती पर लगे देश के सबसे बड़े धार्मिक मेले में शिवभक्ति की अद्वितीय साधना के बीच भगवान शिव की भक्ति में डूबी हुई है। मेले में योग सम्राट शिवयोगी बालयोगी बाल ब्रह्मचारी स्वामी अभय चैतन्य फलाहारी मौनी बाबा ने काशी और मथुरा में भी भव्य मंदिर बने, आतंकवाद का पूर्ण खात्मा हो, के लिए अनोखी साधना में लीन है। 7 करोड़ 51 लाख से अधिक रुद्राक्ष और 11 हजार अलग-अलग रंग के त्रिशूल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बन गया हैं। महाकुम्भ के नागवासुकि मंदिर के समीप सेक्टर छह में निर्मित प्रत्येक ज्योतिर्लिंग 11 फुट ऊंचा, नौ फुट चौड़ा और सात फुट मोटा है, जिन्हें सात करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष की मणियों की माला पहनाई गई है। इन रुद्राक्ष को 10,000 गांवों से पैदल घूम घूमकर भिक्षा में एकत्रित किया गया है।

इसके कर्ताधर्ता मौनी बाबा का कहना है कि खुले आकाश में बने ये ज्योतिर्लिंग ॠआतंकवाद के नाश और बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की कामना से 11 करोड वैदिक मंत्रों से अनुष्ठान कर लौह से शिवलिंग को आकार दिया और उन पर रुद्राक्ष की मालाओं को लपेटा गया। उनका कहना है कि वर्षों पहले लिया गया उनका संकल्प रुद्राक्ष के ज्योतिर्लिंग की स्थापना के रुप में महाकुंभ में पूरा हो रहा है। इसके लिए वह पिछले 37 वर्षों से रुद्राक्ष का शिवलिंग बनाकर पूजा कर रहे हैं। खास ये है कि महाकुंभ में स्थापित ज्योतिर्लिंगों में एक मुखी से लेकर 26 मुखी तक के श्वेत रुद्राक्ष, काले रुद्राक्ष, लाल रुद्राक्ष का उपयोग किया गया है। इनमें छह शिवलिंग दक्षिणमुखी और छह शिवलिंग उत्तर मुखी हैं। अब तक पूरी दुनिया में महाकाल का अकेला शिवलिंग दक्षिण मुखी है।

मौनी बाबा का कहना है कि रुद्राक्ष एक मूर्ति की तरह होता है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा होती है और बिना प्राण प्रतिष्ठा के रुद्राक्ष पहना नहीं जा सकता। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही रुद्राक्ष मनोकामनाओं की पूर्ति करता है। पूरी तरह से रुद्राक्ष से बनी छह शिवलिंग दक्षिण और छह उत्तर की ओर उन्मुख हैं. उनके मुताबिक पूरी दुनिया में एकमात्र दक्षिण मुखी शिवलिंग महाकाल शिवलिंग है. हालांकि एक मुखी और दो मुखी रुद्राक्ष बहुत दुर्लभ हैं. तीन मुखी सफेद रुद्राक्ष कहीं-कहीं मिल जते हैं, जबकि चार मुखी रुद्राक्ष पुरुषार्थ से जुड़ा होता है. पांच और छह मुखी रुद्राक्ष गृहस्थों के लिए होते हैं,



जबकि सात मुखी रुद्राक्ष विद्यार्थियोंके लिए श्रेष्ठ माना जाता है. आठ और नौ मुखी रुद्राक्ष सिद्ध हो जाने पर देवी लक्ष्मी कभी घर से बाहर नहीं जाती हैं. दस और ग्यारह मुखी रुद्राक्ष व्यक्ति के करियर को आगे बढ़ाते हैं. रुद्राक्ष की मालाओं से बने ये 12 ज्योतिर्लिंग श्रद्धालुओं को खूब भा रहे है।

मौनी बाबा का कहना है कि रुद्राक्ष कभी भी खरीदकर नहीं पहनना चाहिए, बल्कि किसी और के दिए जाने पर ही पहनना चाहिए. इस बात को श्रद्धालुओं में भी बताया जा रहा है। खासकर रुद्राक्ष से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है. इसके अलावा उनका संकल्प है कि जिस तरीके से अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। उसी तरीके से काशी और मथुरा में भी मंदिर का निर्माण हो। इसके लिए वह अपने शिविर में हर शाम 6 बजे अनोखी पूजा में लीन रहते हैं। इस दौरान वह माघी पूर्णिमा तक दो लाख से अधिक दीप दान भी करेंगे। वह चाहते है कि देश में आतंकी हमला ना हो, देश में शांति बनी रहे, देश की अर्थव्यवस्था दुरुस्त रहे और महंगाई और वैश्विक महामारी न फैले इसके लिए वह धार्मिक अनुष्ठानों के जरिए लगातार प्रयासरत हैं। हर रोज मौनी बाबा पूजा के दौरान अनोखे अंदाज से पूरे शिविर की परिक्रमा खास पूजा और लेट करके करते हैं। शिविर में 108 कुंड भी बनाए गए हैं। जहां पर मौनी बाबा हर दिन हवन पूजा के बीच 125 आहुतियां भी डालते हैं। इस दौरान हर रोज भारी संख्या में कल्पवासी या कहें कि श्रद्धालु उनकी इस साधना के गवाह भी बनते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मौनी बाबा द्वारा की जा रही इस अनोखी साधना या कहें कि पूजा पाठ से सभी काफी प्रभावित हैं। अपनी अनोखी पूजा करने के बाद मौनी बाबा अपने शिविर से लेट करके गंगा स्नान के लिए जाते हैं। गंगा स्नान करने के बाद ही उनकी पूजा पूरी तरीके से समाप्त होती है।

मौनी बाबा का मानना है कि जितनी कठिन तपस्या होगी उतना ही अच्छा परिणाम होगा। बता दें मौनी बाबा पिछले 35 सालों से संगम तट पर लगने वाले माघ मेले में आ रहे हैं। देश में सुख शांति के लिए हमेशा ही अनोखी पूजा पाठ में लगे रहते हैं। बता दें, मौनी बाबा शिव के परम भक्त हैं। उन्होंने अपने शरीर पर 45 किलो रुद्राक्ष की माला धारण की हुई है और 14 घंटे तक इसे धारण करते हैं। उनकी साधना का हर पल ॠओम नमः शिवायॠ के जप में व्यतीत होता है। इस दौरान वो श्रद्धालुओं को आशीर्वाद भी देते हैं। पौष पूर्णिमा से आरंभ हुई यह साधना महाशिवरात्रि तक चलेगी। इस अद्वितीय शिवलिंग के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मौनी बाबा और उनके अनुयायी यहां भगवान शिव के पंचाक्षर मंत्र ॠओम नमः शिवायॠ का जप कर रहे हैं। महाशिवरात्रि तक सवा करोड़ दीपक जलाने और सवा करोड़ आहुतियां डालने का लक्ष्य रखा गया है। उनका

## नालासोपारा पूर्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन जनवरी 26 को




नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू महासंघ एवं हिंदू युवा वाहिनी परिवार के तरफ से भव्य तिरंगा यात्रा दिनांक 26 जनवरी 2025 दिन रविवार को दोपहर 12:00 से शॉप नंबर 4 हिंदू युवा वाहिनी एवं विश्व हिंदू महासंघ के कार्यालय ओम गणेश अपार्टमेंट नियर क्यू एन क्यू होटल मोरेगांव नालासोपारा पूर्व से श्री गणेश किया जाएगा । उस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश के हिंदू युवा वाहिनी प्रदेश संयोजक पंडित साहब लाल तिवारी , महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पीयूष सुरेंद्र सिंह , आशीष मिश्रा , जिला प्रभारी पालघर विश्व हिंदू महासंघ के अमित ओमप्रकाश दुबे , धर्मेंद्र यादव , राहुल वर्मा , विकास यादव , दीपक दुबे , वसई विरार जिला अध्यक्ष राकेश मिश्रा, प्रभारी विश्व हिंदू महासंघ मुंबई मंडल के प्रदीप मिश्रा , श्रीमती आरती उपाध्याय , श्रीमती सुदिप्ती सिंह , श्रीमती रेखा पांडे , पूजा राज , सुमन दुबे , राजू गुप्ता , विनीत सिंह काका , विकास गुप्ता , विपिन सिंह , राजेश भाऊ , अंकित तिवारी , अरविंद तिवारी , वसई तालुका संयोजक प्रवेश दुबे , अजय गुप्ता, कृष्णा मिश्रा , प्रथमेश सिंह , उज्जवल पाल विनोद साहनी सचिन दुबे आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। सभी हिन्दू संगठनों से नम्र निवेदन है कि ठीक समय पर पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पंडित साहब लाल तिवारी ने दी है।

## आज भाईंदर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

मीरा भाईंदर (उत्तरशक्ति)। भाईंदर में 76 वे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भाईंदर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, सत्कार सामारोह एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख गायन बिरहा का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक देवराज यादव ने बताया कि 19 जनवरी दिन रविवार शाम 4 बजे से एच पी गैस गोडाउन के पीछे , न्यू गोल्डेन नेस्ट, हनुमान मंदिर के पास, भाईंदर पूर्व में आयोजित है। बिहार की प्रसिद्ध गायिका रजनीगंधा एवं उत्तर प्रदेश के पप्पू यादव गायकी के माध्यम से उपस्थित लोगों को आनंदित करेंगें। सत्कार मूर्ति समाज सेवक अलगू प्रसाद पाल के साथ साथ परिवहन मंत्री महाराष्ट्र शासन प्रताप सरनाईक, मीरा भाईंदर विधायक नरेंद्र मेहता, पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए देवराज यादव, श्याम नारायण यादव, सभाजीत यादव , राम शबद यादव, मंगल प्रसाद पाल, बच्चू पाल, ललित यादव, श्रवण यादव, मोहन भानुशाली, सुरेंद्र चौहान, लक्ष्मीकांत यादव, राम प्रकाश यादव, शीतला चौहान, अमर बहादुर यादव के साथ साथ सभी पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यरत है।

## समाज रत्न मिठाई लाल सिंह को 96वें जन्म दिवस पर लोगों ने दी बधाई



मुंबई (उत्तरशक्ति ) मिठाई लाल सिंह संस्थापक डॉयरेक्टर दी प्रताप को.ऑपरेटिव बैंक मुंबई, अध्यक्ष महाराणा प्रताप सेवा मंडल मुंबई, पूर्वप्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा मुंबई, प्रबन्ध ट्रस्टी मुंबई प्रदेश आर्य विद्या सभा घाटकोपर, अध्यक्ष दयानन्द वैदिक विद्यालय एण्ड जूनियर कॉलेज, महामंत्री आर्य समाज माटुंगा/श्री दयानन्द ग्रुप ऑफ स्कूल्स मुंबई, आर्य समाज माटुंगा द्वारा संचालित श्री दयानन्द बालक विद्यालय एवम जूनियर कॉलेज मुंबई, श्री दयानन्द बालिका विद्यालय एवम जूनियर कॉलेज मुंबई, श्री दयानन्द बालक विद्यालय चारकोप मुंबई, दयानन्द वैदिक विद्यालय एवम जूनियर कॉलेज मुलुंड मुंबई, प्रताप को आपरेटिव बैंक मुंबई, महाराणा प्रताप सेवा मंडल मुंबई के सभी पदाधिकारी व सदस्य की तरफ से शुभकामनाएं तथा बधाइयां अर्पित की गयी। इस मौंके पर नाती भाजपा मुंबई प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, पुत्र चंद्र कुमार सिंह, पुत्र वधू समाज सेवी श्रीमती सुमन सिंह, अमित सिंह, ठाकुर दशरथ सिंह, पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपा शंकर सिंह, दैनिक उत्तरशक्ति संपादक ओमप्रकाश प्रजापति, उप संपादक प्रेम चंद मिश्रा, मां विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्टी भरत भाई शुक्ला, समाज सेवी दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के सहयोगी के के मिश्रा ( बच्चन मिश्रा ) लोगों ने जन्म दिन पर हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मृग के कस्तूरी के सुगंध की भांति, श्री सिंह की किर्ति की सुगंध चारों दिशाओं में फैले।

## विधायक रमेश मिश्रा ने विधायक निधि से निर्मित शिक्षण कक्ष का किया लोकार्पण



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संत भंगड़दास सरस्वती शिशु मंदिर बरौली बदलापुर में विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने विधायक निधि से निर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण किया। इस शुभ अवसर पर खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बदलापुर क्षेत्र की कई हस्तियां सम्मिलित हुईं । इस कार्यक्रम में शिव प्रसाद त्रिपाठी, राम सहाय पांडेय ,मिथिलेश सिंह, आर के उपाध्याय, सुरेंद्र विक्रम सिंह, विनोद शर्मा, लवकुश सिंह,सिद्धार्थ सिंह ,सिकंदर मौर्य, वैभव सिंह, हरीलाल मोदनवाल ,संजय सिंह, केशव सिंह ,मनोज सिंह, एवं साहब लाल चौधरी आदि गणमान्य उपस्थित थे । सभी लोगों ने विधायक रमेश मिश्रा के कार्यों की सराहना की । मकर संक्रांति के पावन पर्व पर परिसर के चारों तरफ प्रसन्नता की लहर दौड़ पड़ी। कार्यक्रम के अंत में विधायक रमेशचन्द्र मिश्रा ने आए हुए सभी लोगों काआभार प्रकट किया।

## शिक्षामित्रो की सेवा अवधि कार्य को मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करने की मांग

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे और उन्हें शिक्षामित्रो द्वारा किए गए सेवा अवधि कार्य को मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करने की मांग की है। ऐसा न करने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बता दें कि संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारी व शिक्षको जिला बेसिक अधिकारी कार्यालय पहुंचे और बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल से गरमा गरम बहस के बाद ज्ञापन सौपा। मांग की पूर्व में सभी शिक्षक शिक्षामित्र रहते हुए सेवा अवधि में जो कार्य किया है और वह वर्तमान



में विभिन्न भर्तियों के जरिए जिले में अध्यापक बन अपनी सेवा दे रहे हैं ,लेकिन उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है ।जो नहीं होना चाहिए। शिक्षक नेताओं पदाधिकारी ने कहां की इस समय मानव संपदा पोर्टल पर सर्विस बुक प्रविष्टियों में संशोधन का कार्य चल रहा है । हमारे जनपद में शिक्षामित्र पर द्वारा किए गए सेवा विवरण का सर्विस बुक में दर्ज नहीं है, जबकि बस्ती समेत कुछ अन्य जनपदों में शिक्षामित्रो का संपदा पोर्टल पर सेवा कार्य दर्ज हो चुका है। इसलिए ऐसे शिक्षामित्र जो इस समय विभिन्न भर्तियों से जिले में अध्यापक बन चुके हैं उनका शिक्षामित्रो के द्वारा दौरान दिए गए सेवा कार्य को संपदा पोर्टल पर दर्ज किया जाए । जिससे शिक्षकों के साथ भेदभाव ना हो । इस संबंध मे बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल को ज्ञापन सौपा ,उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी कुछ संभव होगा वह किया जाएगा। इस दौरान जिला मंत्री डॉ गौरीशंकर यादव ,मनोज चौरसिया, अशोक यादव ,विनोद कुमार गुप्ता, कामाख्या नारायण राय ,अमलेश यादव ,रामनाथ, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार पाल ,सजल कुमार ,रामचंद्र पाल मौजूद रहे।

## उत्तरशक्ति समाचार पत्र कैलेंडर का विमोचन



वसई रोड। वसई रोड वेस्ट भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में वसई मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष कल्पेश पाण्डे तथा उनके संगठन टीम के साथ उत्तरशक्ति न्यूज वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। जिसमें उत्तर शक्ति मुंबई के रिपोर्टर नरेंद्र सोनी के साथ कल्पेश पाण्डे, महामंत्री कैलाश बोराणा, उपाध्यक्ष प्रहलाद यादव, सोशल मीडिया अभिषेक तिवारी, सचिन हरिश्चंद्र और सुनील, रवि विश्वकर्मा, हार्दिक जैन, अभिषेक जायसवाल, आशीष पासवान उपस्थित होकर विमोचन कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की हुई कार्यशाला



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की कायार्शाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में किया गया।जिलाधिकारी ने सभागार में उपस्थित युवाओं को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऐसी पहली योजना जो बिना गारण्टी एवं ब्याज मुक्त योजना है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में अधिक से अधिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया तथा कार्यशाला में उपस्थित बैंकर्स को प्राप्त आवेदन पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृति / वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इस योजना में परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा जिला स्तरीय समिति को समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक आवेदन कराने के साथ प्रचार प्रसार हेतु निर्देश दिये गये। उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि निर्माण व सेवा क्षेत्र में आवेदन तथा न्युनतम आठवी पास योग्यता के युवा www.msme.up.gov.in पर आवेदन कर सकते है।समाधान समन्वयक के दिल्ली से आए प्रतिनिधि रविन्द्र चौधरी व लखनऊ से आए प्रतिनिधि रवि गुप्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से योजना के प्रत्येक बिन्दुओं व पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यशाला में अग्रणी जिला प्रबन्धक शंकर सामन्त, अपर साख्यिकी अधिकारी मो० रजा, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक जौनपुर राजकुमार, आई०टी०आई प्रतिनिधि तथा औद्योगिक आस्थान सिद्दीकपुर के अध्यक्ष डा० ज्ञान प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विक्रोली मे श्री वाल्मीकि रामायण श्रीराम कथा



मुंबई। ॐ नारायण सत्संग समिति द्वारा आयोजित विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी संगीतमय श्री बाल्मीकि रामायण श्रीराम कथा वीर हनुमान मंदिर हनुमान नगर पार्क साईट विक्रोली पश्चिम मुंबई मे महंत श्री दयाराम दास जी महराज की अध्यक्षता मे 17 जनवरी से श्री शरणागत महाराज जी के मुखार विंदु द्वारा श्री राम कथा की अमृत वर्षा हो रही है. कलश शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे से बड़े ही धूम धाम से बैंड बजा पालकी के साथ निकाली गई. जिसमे अपार महिला शक्ति एवं जन शक्ति का समावेश था. समिति के समस्त पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्य लोग बढ़ चढ़ कर शामिल हुए.आचार्य गणों मे देवेन्द्र पाण्डेय, मधुसूदन उपाध्याय के मंत्र द्वारा कलश पूजन किया गया. समिति के अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, बिमलेश मिश्रा, अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, हरि नारायण यादव, डॉ चंद्रकेश विस्वकर्मा, सुनील ठाकुर, हितेश गुप्ता, संदीप त्रिपाठी, भोला मिश्रा, मुख्य एजमान ओमप्रकाश मिश्रा, आदेश मिश्र और बुवा ने कलश यात्रा मे आए हुए सभी राम भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया.यह कथा 25 जनवरी 2025 प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात 10 बजे तक का आयोजन किया गया है.

## विधायक स्नेहा दुबे ने किया सद्भावना भेट



वसई । वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने टोकरे खैरपाड़ा ग्राम पंचायत की सद्भावना मुलाकात किया। उस समय ग्राम पंचायत उपसरपंच विलास मोर्गे, ग्राम विस्तार अधिकारी श्रीमती स्नेहल वडे, ग्राम पंचायत सदस्य संदीप परेड, वरिष्ठ लिपिक विश्वनाथ देसक, श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष पुतलाजी कदम, कोषाध्यक्ष महेश धांगडा, वसई तालुका अध्यक्ष नितिन पाटिल, वसई तालुका सचिव एकनाथ कलिंगडा, सुभाष अल्वे एवं ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित थे।

## स्विगी, जोमैटो और अमेजन डिलीवरी कर्मचारी 28 जनवरी को पटना में करेंगे हड़ताल

पटना। स्विगी, जोमैटो, अमेजन और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े प्लेटफॉर्म कर्मचारियों के अधिकारों और उनके साथ हो रहे शोषण को लेकर 28 जनवरी 2025 को पटना में बड़े पैमाने पर हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। इस हड़ताल का उद्देश्य प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को उनकी स्थिति की मान्यता, उचित मुआवजा और सामाजिक सुरक्षा व अधिकार दिलाने के लिए सरकार और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह ठहराया है।



गत दिवस रामकृष्ण होटल के पंचवटी वैंकेट हॉल में बी.एल. रुइया हाई स्कूल के 1976 बैच के छात्रों ने एक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह के आयोजक अरविंद त्रिपाठी, मंजू, जगदीश शेट्टी, शकुंतला शर्मा रहे। उपस्थित लोगों ने कई दशक के बीते अपने बचपन की याद ताजा की। छाया: उत्तर शक्ति हिंदी दैनिक

